


दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...






● नई दिल्ली। रविवार 06 अक्टूबर-2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 359 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







### जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के एग्जिट पोल

## हरियाणा में 10 साल बाद कांग्रेस की वापसी के संकेत

## जम्मू-कश्मीर में बढ़त के कारण बीजेपी की बल्ले-बल्ले

**नई दिल्ली।** हरियाणा में भाजपा ने फिर से सरकार बनाने को लेकर पूरी ताकत झोंक दी है। तो वहीं जम्मू कश्मीर में 10 साल बाद हुए विधानसभा चुनाव पर सबकी नजरें टिकी हैं।

**एग्जिट पोल में जम्मू कश्मीर में बीजेपी को झटका :** पीपुल्स पल्स के एग्जिट पोल में जम्मू कश्मीर में बीजेपी को 23-27 सीटें मिलती दिख रही हैं। जबकि कांग्रेस-एनसी गठबंधन को 46-50 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। वहीं, अन्य के खाते में 4-6 सीटें और पीडीपी के खाते में 7-11 सीटें मिलने की संभावना है।

**इस एग्जिट पोल में जम्मू-कश्मीर में कांटे की टक्कर :** जम्मू कश्मीर में रिपब्लिक-मैट्रिज एग्जिट पोल में कांग्रेस-एनसी गठबंधन को 28-30 सीटें मिलती दिख रही हैं। जबकि बीजेपी के खाते में 28-30 सीटें मिलती दिख रही हैं।

पीडीपी को 05-07 सीटें जबकि अन्य के खाते में 8-16 सीटें मिलने का अनुमान है।




### हरियाणा में अलग-अलग सर्वे में कांग्रेस की सरकार

**ध्रुव रिसर्च-** बीजेपी को 22-32, कांग्रेस को 50-64, अन्य के खाते में 2-8 सीटें मिलती दिख रही हैं।

**पीपुल्स पल्स** के एग्जिट पोल में बीजेपी को 20-32, कांग्रेस 49-61 जबकि अन्य को 5-8 सीटें मिल रही हैं।

**रिपब्लिक भारत-** मैट्रिज के एग्जिट पोल में बीजेपी को 18-24, कांग्रेस को 55-62, जेजेपी गठबंधन के खाते में 0-3, आईएनएलडी गठबंधन के खाते में 03-06 और अन्य के खाते में 2-5 सीटें मिलते का अनुमान है।

**हरियाणा में कांग्रेस की सरकार- मैट्रिज एग्जिट पोल :** मैट्रिज एग्जिट पोल में हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनती दिख रही है। एग्जिट पोल में कांग्रेस को 55-62, बीजेपी को 18-24 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। अन्य के खाते में 2-8 सीटें, क्छछऊगठबंधन के खाते में 3-6 सीटें जाने का अनुमान है।

**जम्मू में बीजेपी को भारी बढ़त- इंडिया टुड़े-सी वोटर एग्जिट पोल :** इंडिया टुडे और सी वोटर के एग्जिट पोल में जम्मू की 43 सीटों में बीजेपी को बड़ी बढ़त मिलती दिख रही है। बीजेपी को 27-31 सीटों पर बढ़त मिलती दिख रही है। वहीं, कांग्रेस-एनसी गठबंधन के खाते में 11-15 सीटें मिलने का अनुमान है। पीडीपी के खाते में 0-2 सीटें मिलती दिख रही हैं।

**हरियाणा चुनाव में कोई बड़ी घटना नहीं घटी :** हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने कहा, "मैं घटनाओं को तभी महत्वपूर्ण मानता हूं जब वे मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करती हैं। हमने कुछ छोटी घटनाओं के बारे में सुना है और प्रशासन उन पर नजर रख रहा है।

## हवा के बाद प्रदूषित हो रहा है गाजियाबाद का पानी

## दिशा की बैठक से लेकर मुख्यमंत्री तक पहुंची है कहानी







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एक्यूआई की बात आती है तो पूरे देश में गाजियाबाद का जिक्र आता है। एक ऐसा शहर जहां धूल रोकने के लिए कई चीजों पर प्रतिबंध लगता है। एक ऐसा शहर जिसकी हवा सबसे ज्यादा खराब हो जाती है और ये बात एक्यूआई की रिपोर्ट बताती है। दिपावली के पटाखों को झेलने लायक अब यहां की हवा नहीं बची है। हवा अगर प्रदूषित हो रही है तो सांसे कम हो रही हैं। अगर हम जनप्रतिनिधियों की चिंता देखें और सरकारी अफसरों की बैठकों में उठते सवालों पर गौर करें तो अब हवा के बाद गाजियाबाद का पानी प्रदूषित हो रहा है। दिशा की बैठक से लेकर मुख्यमंत्री तक गाजियाबाद के पानी की कहानी पहुंची है। दिशा की बैठक में हवा और पानी के पोल्यूशन का मुद्दा उठा। सब जानना चाहते हैं कि आखिर इस पोल्यूशन को खत्म करने का सोल्यूशन क्या है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने गाजियाबाद के पानी और गाजियाबाद की हवा को लेकर चिंता व्यक्त की और उन्होंने एक लैटर भी मुख्यमंत्री को लिखा। बड़ी बात ये है कि लोकसभा सांसद ने अपने पत्र में गाजियाबाद की नदी के प्रदूषण का मामला उठाया है। उन्होंने अपने पत्र में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का जिक्र किया है और उनकी विधानसभा से गुजरने वाली हिंडन नदी के पानी के प्रदूषण का मुद्दा उठाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया है कि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कई बार आपके संज्ञान में लाया है कि हिंडन नदी के आस पास पीने लायक पानी अब जमीन में भी नहीं बचा है। लाखों की आबादी में लोग 250 से 400 टीडीएस का पानी पी रहे हैं और बीमार हो रहे हैं। इस पत्र के बाद दिशा की बैठक में जब सांसद ने इसी मुद्दे को उठाया तो यहां सोल्यूशन अधिकारियों ने ये बताया कि हमने तो लगभग ढाई करोड रूपये के चलान फैक्ट्रियों के किये हैं और कुछ फैक्ट्रियां सील कर दी गई है। बहरहाल जुर्माने से पानी का प्रदूषण खत्म नहीं होगा और सीज की कार्यवाही से हवा साफ नहीं होगी। ये एक गंभीर मुद्दा है और इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। सरकार को कठोर कदम उठाने होंगे। तभी गाजियाबाद की हवा और पानी पर प्रदूषण का ग्रहण हटेगा।

# विवादित बयान के बाद गाजियाबाद में पुलिस अलर्ट, डासना के प्रदर्शनकारियों पर एफआईआर

## कैला भट्टा में पुलिस ने किया लाठीचार्ज

## कई थानाक्षेत्रों में बढ़ाई गई पुलिस की मुस्तैदी

गाजियाबाद, करंट क्राइम : डासना के महंत व महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद द्वारा दिए गए बयान के बाद लगातार पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर लखनऊ तक उनके खिलाफ विरोध हो रहा है। इस विरोध के बीच शुक्रवार की देर रात डासना के बाहर बड़ी संख्या में लोगों ने नारेबाजी करते हुए घेराव किया। जिसकी सूचना के बाद मौके पर पुलिस के आलाधिकारी और कई थानों की फोर्स रातभर डेरा डाले रही। इस मामले में पुलिस ने फिलहाल यदि नरसिंहानंद सरस्वती को पुलिस हिरासत में ले लिया है। वहीं डासना में घेराव करने वाले 150 से अधिक अज्ञात प्रदर्शनकारियों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा लिखा गया है। घेराव के समय यति डासना में अंदर ही थे। इस मामले में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज करते हुए डासनाके आसपास की सुरक्षा बढ़ा दी है। इसके साथ ही पुलिस के आलाधिकारी यहां की सुरक्षा में ड्यूटी दे रहे हैं।

### पुलिस मुख्यालय से लेकर कलेक्ट्रेट और कैला भट्टा में हुआ प्रदर्शन





करंट क्राइम : समुदाय विशेष को लेकर की गई टिप्पणी के बाद लगातार माहौल गर्म हो रहा है। शनिवार को भीम आर्मी के साथ ही युवा शक्ति दल और कैला भट्टा में लोगों द्वारा यति का विरोध करते हुए प्रदर्शन और ज्ञापन दिया गया। इस दौरान कैला भट्टा में बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए और नारेबाजी कर रहे थे। पुलिस ने उनको वहां से हटाने की चेतावनी दी ,इसके बाद जब यह लोग पीछे नहीं हटे तो पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए लोगों को गलियों तक खदेड़ा और दुकानों में घुसकर कुछ लोगों पर लाठियां भी बरसाई। इस दौरान कई थानों की पुलिस और कमिश्नरेट के शीर्ष अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे। हालांकि इस मामले में पुलिस ने युवा शक्ति दल के नेता रवि गौतम को गिरफ्तार कर लिया है। उन पर माहौल खराब करने का आरोप लगाया गया है। इससे पहले शनिवार को सुबह जिला मुख्यालय और पुलिस ऑफिस के आसपास बड़ी संख्या में पीएसीके जवानों की तैनाती थी। साथ ही पुलिस के अधिकारी और कई थानों की फोर्स यहां स्थित कंट्रोल करने के लिए तैनात रही।

### विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा, यह सनातन धर्म पर हमला



करंट क्राइम :शनिवार को दोपहर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर डासना पहुंचे और यहां उन्होंने दर्शन करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा है कि यति महंत ने जो कहा वह विषय अलग है, आवेश में जिस तरह से हमले लगातार सनातन पर हो रहे हैं। बहन बेटियों को मारा जा रहा है, बांग्लादेश में जिस तरह से हालात हैं, हो सकता है इसको लेकर आवेश में उन्होंने कोई बात निकली हो लेकिन यहां पर हमला हुआ यह किसी पर नहीं यह सनातन धर्म पर हमला है। इस दौरान उन्होंने कहा है कि यह स्थान बहुत पुराना है। सनातन धर्म से यहां पूजा होती चली आ रही है। मंदिर को लेकर जिस तरीके से रात में बड़ी संख्या में लोगों ने घेराव किया, पुलिस को चाहिए था कि ऐसे लोगों का एनकाउंटर किया जाए, इस मामले में पुलिस गंभीर धाराओं में मुकदमा लिखे और आरोपियों को ढूंढ कर उन पर इनाम किया जाए और उनके एनकाउंटर किए जाएं। इस दौरान लोनी विधायक ने कहा कि कुछ लोग सरकार को बदनाम करने के लिए इस तरीके का माहौल बना रहे हैं लेकिन यह महंत योगी आदित्यनाथ की सरकार है, यहां सीरिया और विदेश जैसे हालात नहीं होने दिए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था की स्थिति को भी मजबूत करने की बात की।

### गंभीर धाराओं में लिखा गया है मुकदमा : डीसीपी



करंट क्राइम : डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने जानकारी दी है कि गाजियाबाद के डासना प्रकरण में शुक्रवार रात प्रदर्शन वाले मामले में पुलिस ने डेढ़ सौ से अधिक अज्ञात प्रदर्शनकारियों पर एफआईआर दर्ज की है। यह मुकदमा सब इंस्पेक्टर भानु प्रकाश सिंह की ओर से दर्ज कराया गया है। जिसमें बताया गया है कि 100 से 150 अज्ञात लोग यति नरसिंह नंद द्वारा टिप्पणी को लेकर नाराज थे। धर्मस्थल के सामने नारेबाजी कर रहे थे। पुलिस ने रोका तो हाथों में लाठी डंडे लेकर पथराव करते हुए सरकारी काम में बाधा डालने का इनके द्वारा प्रयास किया गया। इसके बाद पुलिस ने लोगों को यहां से भगाने का काम किया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही विभाग के वरिष्ठ अधिकारी पूरे मामले की निगरानी रखने का काम कर रहे हैं।


### पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी के विद्यालय से दिया गया सामाजिक समरसता का एक बड़ा संदेश

## स्वच्छता-श्रमदान-सहभोज के साथ बताया ऐसे होता है संस्कारों का समावेश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी अक्सर अपने लेख के माध्यम से मुद्दों को उठाते हैं। उनके विद्यालय महर्षि दयानंद विद्यापीठ का नाम हर वर्ष मेघावी विद्यार्थियों वाली सूची में आता है।

ये स्कूल केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि संस्कार भी सिखाता है। गांधी जयंती के मौके पर यहां विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक अनूठा संदेश दिया। इस आयोजन से समाजिक समरसता, सादगी, संस्कार और सेवा का मूल मंत्र छात्र-छात्राओं को समझाया गया।







महर्षि दयानंद विद्यापीठ का नाम हर वर्ष मेघावी विद्यार्थियों वाली सूची में आता है। ये स्कूल केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि संस्कार भी सिखाता है। गांधी जयंती के मौके पर यहां विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक अनूठा संदेश दिया। इस आयोजन से समाजिक समरसता, सादगी, संस्कार और सेवा का मूल मंत्र छात्र-छात्राओं को समझाया गया।

महर्षि दयानंद विद्यापीठ में 2 अक्टूबर महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर आयोजित स्वच्छता श्रमदान और जनजागरण रैली के बाद सहभोज का आयोजन किया गया। सभी छात्र छात्राएं और शिक्षक गण अपने घरों से पूड़ी बनवाकर लाए जिनका एक स्थान पर एकत्रीकरण किया गया। \विद्यालय में सब्जी बनवाई गई। पंक्ति में बैठकर पत्तल में भोजन परोसा गया। सब्जी के अतिरिक्त अचार और पैठे की मिठाई भी परोसी गई। भोजन मंत्र के बाद सभी ने बैठकर भोजन किया।

भोजन परोसने की व्यवस्था भी छात्र छात्राओं ने संभाली। कदम से कदम मिलाकर चलना, सुर से सुर मिलकर गाना, साथ बैठकर खाना जैसे छोटे छोटे आयोजन बहुत बड़े संस्कारों को जन्म देते हैं। अपनी कक्षाओं की सफाई करना, विद्यालय परिसर की सफाई करना, कुछ कुछ श्रम दान करना, पेड़ पौधों की गुड़ाई, गमलों को रंगना, पार्क से खरपतवार को हटाना जैसे छोटे-छोटे कार्यक्रम बच्चों में वह संस्कार उत्पन्न करते हैं जो उसे एक अच्छा नागरिक बनने में सहयोगी बनते हैं। कोरोना काल के बाद जब बच्चे स्कूल आए तो उनमें चिड़चिड़े होने, निदेर्शों की अवहेलना, परस्पर सामंजस्य का अभाव जैसे कई विसंगतियां देखी गई। कोरोना के बाद अनुभव हुआ कि विद्यालयी शिक्षा में क्लास रूम रीडिंग का कोई विकल्प नहीं है। वैसे भी हमारी शिक्षा व्यवस्था में विद्यालयी शिक्षा में ही बच्चों को संस्कार जैसा कुछ सिखाना संभव है। कालेज व्यवस्था में तो ऐसे अवसर संभव ही नहीं हैं। महर्षि दयानंद विद्यापीठ में इसी आशय से अपने कार्यक्रमों की रचना की जाती है जिनसे बच्चों में कोई न कोई संस्कार विकसित होता रहे।

# मोदी बोले-हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे

## कांग्रेस का मकसद बांटो और सत्ता में रहो, वे दलित-आदिवासियों को अपने बराबर नहीं समझते



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे की रैली में कहा- कांग्रेस और उनके सहयोगियों का एक ही मिशन है- बांटो और सत्ता में रहो। वह जानती है उसका वोट बैंक एक रहेगा। हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे, जश्न मनाएंगे। कांग्रेस को अर्बन नक्सल गैंग चला रहे हैं। वह देश विरोधियों के साथ खड़ी है।

वे (कांग्रेस) सोचते हैं कि अगर हम सभी एकजुट हो जाएंगे, तो देश को बांटने का उनका एजेंडा फेल हो जाएगा। कांग्रेस की सोच शुरू से ही विदेशी रही है। अंग्रेजी हुकूमत की तरह कांग्रेस परिवार भी दलित, पिछड़ों और आदिवासियों को अपने बराबर नहीं समझता।

इससे पहले उन्होंने वाशिम में कई परियोजनाओं के उद्घाटन के बाद एक कार्यक्रम में कहा कि हाल ही में दिल्ली में हजारों करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त की गई है। एक कांग्रेस नेता ड्रग्स रैकेट का सरगना है। कांग्रेस युवाओं को नशे की लत में धकेलकर मिलने वाले पैसे से चुनाव लड़ना चाहती है।

दरअसल, दिल्ली के महरौली में 2 अक्टूबर को 560 किलोग्राम कोकीन जब्त की गई। बाजार में इसकी कीमत करीब 5600 करोड़ है। इसका मुख्य आरोपी तुषार गोयल 2022 में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस की फ्ळकसेल का चेयरमैन रह चुका है। आरोपी की सोशल मीडिया प्रोफाइल पर भी फ्ळक सेल चेयरमैन, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस लिखा हुआ है।

पीएम मोदी आज महाराष्ट्र में कुल 56,000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स की शुरूआत करने वाले हैं। वे ठाणे में 32,800 करोड़ रुपए से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

इसके बाद पीएम मुंबई में लगभग 14,120 करोड़ रुपए की लागत वाली मुंबई मेट्रो लाइन- 3 के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स से आरे जोगेश्वरी-विक्रोली लिंक रोड सेक्शन का उद्घाटन करेंगे। फिर BKC और सांताक्रूज के बीच मेट्रो में सवारी भी करेंगे।

### वाशिम में इन प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन हुआ



पीएम ने वाशिम में 9.4 करोड़ किसानों को लगभग 20,000 करोड़ रुपए की पीएम-किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी की। इसके साथ ही पीएम-किसान के तहत किसानों को जारी की गई कुल धनराशि लगभग 3.45 लाख करोड़ रुपए हो गई है। मोदी ने नमो शेतकारी महासम्मान निधि योजना की 5वीं किस्त भी लॉन्च की और 2,000 करोड़ रुपए जारी किए। प्रधानमंत्री ने कृषि अवसंरचना कोष के तहत 1,920 करोड़ की लागत वाली 7,500 से अधिक परियोजनाएं लॉन्च की। इनमें कस्टम हायरिंग सेंटर, प्राइमरी प्रोसेसिंग यूनिट्स, वेयर हाउसेज, छंटाई और ग्रेडिंग यूनिट्स, कोल्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट्स, पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट शामिल हैं। मोदी ने लगभग 1,300 करोड़ रुपए के कम्बाइंड टर्नओवर वाले 9,200 किसान उत्पादक संगठनों डेडिकेट किए। इसके अलावा उन्होंने मवेशियों के लिए यूनिफाइड जीनोमिक चिप और स्वदेशी सेक्स-सॉर्टेड सीमन तकनीक लॉन्च किया। इस पहल का उद्देश्य किसानों के लिए किफायती मूल्य पर सेक्स सॉर्टेड सीमन की उपलब्धता बढ़ाना और प्रति खुराक लागत लगभग 200 रुपए कम करना है। यूनिफाइड जीनोमिक चिप, स्वदेशी मवेशियों के लिए GAUCHIP और भैंसों के लिए MAHISHCHIP को जीनोटाइपिंग सर्विसेज के साथ विकसित किया गया है। जीनोमिक सिलेक्शन के जरिए हाई क्वालिटी वाले बैल कम उम्र में ही विकसित किए जा सकेंगे।

### पीएम ठाणे में इंटीग्रल रिंग मेट्रो रेल परियोजना की नींव रखेंगे

पीएम मोदी वाशिम के बाद शाम करीब 4 बजे ठाणे जाएंगे। वहां 32,800 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। मोदी करीब 12,200 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली ठाणे इंटीग्रल रिंग मेट्रो रेल परियोजना की नींव रखेंगे।

इस प्रोजेक्ट की कुल लंबाई 29 किमी है, जिसमें 20 एलिवेटेड और 2 अंडर ग्राउंड स्टेशन हैं। यह महाराष्ट्र सरकार के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स में एक है। ठाणे इंटीग्रल रिंग मेट्रो रेल प्रोजेक्ट बनने से इंडस्ट्रियल और कॉमर्शियल हब ठाणे पर ट्रैफिक लोड कम होगा।

इसके बाद पीएम छेदा नगर से आनंद नगर, ठाणे तक एलिवेटेड ईस्टर्न फ्रीवे एक्सटेंशन की आधारशिला रखेंगे, जिसकी लागत लगभग 3,310 करोड़ रुपए है। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद दक्षिण मुंबई से ठाणे की डायरेक्ट कनेक्टिविटी होगी।

प्रधानमंत्री मोदी ठाणे से मुंबई जाएंगे। वहां शाम 6 बजे BKC से आरे खश्छफतक चलने वाली मेट्रो सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे। फिर BKC और सांताक्रूज मेट्रो स्टेशनों के बीच मेट्रो में सफर करेंगे।

इसके अलावा, पीएम मोदी को महाराष्ट्र को मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना 2.0 के तहत 19 मेगावाट की कुल क्षमता वाले सोलर पार्क डेडिकेट करेंगे। मोदी कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना के लाभार्थियों को भी सम्मानित करेंगे।

पीएम लगभग 2,550 करोड़ रुपए की नवी मुंबई एयरपोर्ट इन्फ्लूएंस नोटिफाइड एरिया प्रोजेक्ट के फेज-1 की आधारशिला रखेंगे। इस प्रोजेक्ट के तहत मुख्य सड़कें, पुल, फ्लाईओवर, अंडरपासेज और इंटीग्रेटेड यूटिलिटी इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण शामिल है।

### पीएम ने जगदंबा माता मंदिर में पूजा की, नगाड़ा बजाया

मोदी ने वाशिम से महाराष्ट्र दौरे की शुरूआत की। उन्होंने पोहरादेवी में जगदंबा माता मंदिर में पूजा-अर्चना की और पारंपरिक ढोल बजाया। इसके बाद संत सेवालाल महाराज और संत रामराव महाराज की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद पीएम मोदी ने वाशिम में बंजारा विरासत म्यूजियम का उद्घाटन किया। फिर एक कार्यक्रम में पीएम-किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी की। पीएम ने वाशिम में करीब 23,300 करोड़ रुपए की कृषि और पशुपालन क्षेत्र से जुड़ी योजनाओं की शुरूआत की।

## न्यूज डायरी

### सीएम सिद्धारमैया बोले- विपक्ष के झूठे आरोप पर नहीं दूंगा इस्तीफा, राज्य की जनता को बताऊंगा सही स्थिति



**कर्नाटक।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को स्पष्ट किया कि वह विपक्ष के 'झूठे आरोपों' के आधार पर अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि वह राज्य की जनता के सामने सही स्थिति पेश करेंगे। सिद्धारमैया ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, अगर विपक्ष पार्टियां झूठे आरोपों के आधार पर मेरे इस्तीफे की मांग करती हैं, तो क्या मुझे इस्तीफा देना चाहिए? हम इन आरोपों का जवाब देंगे और लोगों को सच बताएंगे।

मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) जमीन आवंटन मामले के बाद कांग्रेस पार्टी के अंदर दलित और अनुसूचित जनजाति के नेताओं की बैठकें हो रही हैं। जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि ये गतिविधियां क्यों हो रही तो सिद्धारमैया ने जवाब दिया कि लोग अनावश्यक अटकलें लगा रहे हैं।

उन्होंने कहा, मंत्री चर्चा करेंगे, लेकिन क्या आपको अटकलें लगानी चाहिए? जब लोक निर्माण मंत्री सतीश जारकीहोली कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे से मिलते हैं, तो लोग अटकलें लगाते हैं। अतीत में भी ऐसी बैठकें होती रहे रही हैं, लेकिन अब ऐसी अटकलें क्यों लगाई जा रही हैं?

सिद्धारमैया ने जी.टी. देवगौड़ा का समर्थन करते हुए कहा कि उन्होंने केवल सच्चाई बताई है। मुख्यमंत्री ने कहा, उन्होंने सच्चाई बताई है। इसमें गलत क्या है? देवगौड़ा जद (एस) की कोर समिति के अध्यक्ष हैं और मुडा के सदस्य भी हैं। विशेष अदालत के आदेश के बाद लोकायुक्त पुलिस ने 27 सितंबर को सिद्धारमैया, उनकी पत्नी पार्वती और अन्य के खिलाफ ईसीआईआर दर्ज की है। विशेष अदालत की ओर से यह आदेश उस समय आया है, जब हाईकोर्ट ने सिद्धारमैया के खिलाफ राज्यपाल थावरचंद गहलोत के द्वारा जांच की मंजूरी को बरकरार रखा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी सिद्धारमैया के खिलाफ 14 भूखंड आवंटन में कथित अनियमितताओं के लिए एक ईसीआईआर दर्ज की है। मुडा ने मंगलवार को सिद्धारमैया की पत्नी को आवंटित 14 भूखंड वापस लेने का फैसला लिया है।

### हरियाणा में वोटिंग खत्म, 8 अक्टूबर को आएंगे नतीजे



**हरियाणा।** हरियाणा चुनाव को लेकर वोटिंग खत्म हो चुकी है। आज 90 सीटों पर वोट डाले गए। हरियाणा के साथ साथ जम्मू-कश्मीर के नतीजे 8 अक्टूबर को आएंगे। चुनाव आयोग के अनुसार, शाम 5 :30 बजे तक अनुमानित मतदान प्रतिशत 63% तक पहुंच गया। हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने कहा कि मैं उन घटनाओं को बड़ा मानता हूं, जो मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करती हैं। कुछ छोटी-मोटी घटनाओं की खबरें आई हैं। प्रशासन ऐसी चीजों पर नजर रख रहा है। लेकिन, यहां कोई बड़ी घटना नहीं घटी है. और मतदान प्रक्रियाओं पर कोई असर नहीं पड़ा है।

टीवीएसएन प्रसाद ने कहा कि हरियाणा में अब लोग जागरूक हो गए हैं। मैं चुनाव आयोग का भी आभारी हूं कि उसने इतने व्यवस्थित तरीके से चुनाव कराया जो पूरी दुनिया में मशहूर है। हरियाणा में भाजपा और कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला है। दोनों ओर से जीत के दावे किए जा रहे हैं। कांग्रेस नेता और पूर्व सीएम भूपिंदर हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस राज्य में भारी बहुमत से सरकार बनाएगी। बीजेपी जा रही है, कांग्रेस आ रही है। आप अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने कहा कि आज हरियाणा लोकतंत्र का त्योहार मना रहा है। लोग बदलाव के लिए वोट कर रहे हैं, वे राज्य में बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था का इंतजार कर रहे हैं। आप राज्य में तीसरे विकल्प के रूप में आएगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर मतदाताओं से झूठ बोलकर राज्य को लूटने की नीति अपनाने का आरोप लगाया। सैनी ने संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस झूठ और लूट की राजनीति करती है और हरियाणा की जनता यह समझ चुकी है। उन्होंने (जनता) हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार दलित समुदाय का अपमान करती रही है और उसने दलितों के उत्थान के लिए कभी कोई योजना तैयार नहीं की।

इस चुनाव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा के अनिल विज और ओपी धनखड़, कांग्रेस के भूपेंद्र सिंह हुड्डा और विनेश फोगाट, इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के अभय सिंह चौटाला और जननायक जनता पार्टी (जजपा) के दुष्यंत चौटाला आदि प्रमुख चेहरों में शामिल हैं। कांग्रेस के टिकट पर जुलाना विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहीं ओलंपियन विनेश फोगाट ने चरखी दादरी के बाढड़ा विधानसभा में पडने वाले अपने गांव बलाली में परिवार के साथ मतदान किया। वोट डालने के बाद विनेश फोगाट ने मीडिया से बात की और लोगों से भारी संख्या में वोट करने की अपील भी की।

## कोर्ट ने खारिज कीं चुनावी बांड योजना के फैसले पर पुनर्विचार याचिकाएं, कहा- रिकॉर्ड में कोई त्रुटि नहीं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने 15 फरवरी के फैसले पर पुनर्विचार की मांग करने वाली याचिकाओं को खारिज किया है। इस फैसने में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की चुनावी बांड योजना को रद्द किया गया था। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति डी.वाई.चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर.गवई, न्यायमूर्ति जे.बी.पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि रिकॉर्ड में कोई स्पष्ट त्रुटि नहीं है।

शीर्ष कोर्ट ने पुनर्विचार याचिकाओं पर खुली अदालत में सुनवाई के आग्रह को भी खारिज किया। पीठ ने अपने आदेश में कहा, पुनर्विचार याचिकाओं की जांच करने से पता चलता है कि रिकॉर्ड में कोई स्पष्ट त्रुटि नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के नियम 2013 के छश्क्कनियम 1 के तहत पुनर्विचार का कोई मामला नहीं बनता है। इसलिए पुनर्विचार याचिकाएं खारिज की जाती हैं।

यह पुनर्विचार याचिकाएं वकील मैथ्यू जे. नदुंपरा और अन्य की ओर से दायर की गई थी, जिनमें कहा गया था कि इस योजना से संबंधित मामला केवल विधायी और कार्यकारी नीति का विषय है।

## वडोदरा में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, बचपन के दोस्त के साथ लौट रही थी घर

- आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की




**वडोदरा।** वडोदरा शहर में एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि बचपन के दोस्त के साथ घर लौट रही किशोरी के साथ दो युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। जबकि तीसरे युवक ने उसके दोस्त के साथ मारपीट की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

वडोदरा ग्रामीण इलाके के पुलिस अधीक्षक रोहन आनंद ने बताया कि शहर के एक क्षेत्र की किशोरी रात 11 बजे अपने बचपन के दोस्त से मिलने के लिए शहर के लक्ष्मीपुरा इलाके में गई थी। देर रात दोनों स्कूटी पर भायली इलाके से लौट थे। इस दौरान शहर के बाहरी इलाके में एक सुनसान सड़क पर दो बाइकों पर सवार पांच लोगों ने उन्हें रोक लिया।

पीड़िता का आरोप है कि पांचों युवक उनसे बहस करने लगे। इसके बाद दो युवक तो चले गए। जबकि तीन युवक वहीं रह गए। इसके बाद दो युवकों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। जबकि तीसरा युवक उसके दोस्त को रोके रहा और मारपीट करता रहा।

आरोपियों के जाने के बाद किशोरी और उसके दोस्त ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और सबूत जुटाए। एसपी ने बताया कि आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई हैं।

हाल ही में पुणे में महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया था। तीन लोगों ने 21 वर्षीय महिला के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया था। इस दौरान महिला के पुरुष मित्र पर भी हमला किया गया था। पुलिस ने बताया था कि रात करीब 11 बजे बोपदेव घर इलाके में सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया। कोंढवा पुलिस के अनुसार, महिला अपने पुरुष मित्र के साथ इलाके में गई थी।

मामले में एनसीपी-एसपी सांसद सुप्रिया सुले ने कहा था कि बहुत दुख के साथ मैं कहना चाहती हूं कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र में यह दूसरी ऐसी घटना है। महाराष्ट्र की कानून व्यवस्था हर तरह से विफल रही है।

## 10 दिवसीय मालाबार अभ्यास की मेजबानी करेगा भारत, चार देशों की सेनाएं दिखाएंगीं दम




**नई दिल्ली।** इस बार 10 दिवसीय मालाबार अभ्यास की मेजबानी भारत करेगा। इसमें भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान समेत चार देशों की सेनाएं भाग लेंगीं। भारतीय नौ सेना ने बताया कि आठ अक्तूबर से 18 अक्तूबर तक होने वाले मालाबार अभ्यास 2024 की शुरूआत विशाखापत्तनम में हॉर्बर चरण से होगी। इसके बाद समुद्री चरण होगा। इस दौरान चारों देशों की नौसेनाएं जटिल नौसैनिक अभ्यास करेंगीं।

भारतीय नौसेना के मुताबिक इस अभ्यास में कई भारतीय नौ सैनिक प्लेटफार्म भाग लेंगे। इसमें मिसाइल विध्वंसक, पनडुब्बियां, लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टर शामिल होंगे। नौसेना अधिकारियों ने बताया कि यह अभ्यास सहयोग और परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित करेगा। इसमें सतह, वायु और पनडुब्बी रोधी युद्ध पर चर्चा होगी।

अभ्यास के दौरान समुद्र में पनडुब्बी रोधी युद्ध, सतही युद्ध और वायु रक्षा अभ्यास जैसे जटिल समुद्री अभियान होंगे। मालाबार अभ्यास 1992 में भारत और अमेरिका के बीच एक वार्षिक द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास के रूप में शुरू हुआ था। 2015 में जापान नौसेना अभ्यास में शामिल हुआ। 2020 में ऑस्ट्रेलियाई नौसेना की भी भागीदारी देखी गई। इस अभ्यास का प्रमुख उद्देश्य हिंद प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियों को समझना और मिलकर दूर करना है।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की अपील

### मीडिया राष्ट्रविरोधी विचारधाराओं पर अपना रुख स्पष्ट करें



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को मीडिया से राष्ट्र-विरोधी आख्यानों और गलत सूचनाओं पर अपना रुख स्पष्ट करने का आग्रह किया। वहीं उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि कम समय तक चलने वाली घटनाएं अक्सर सुर्खियां बटोरती हैं।

### उपराष्ट्रपति ने कुछ घटनाओं पर जताया दुख

उन्होंने छेड़छाड़ वाली रिपोर्टिंग के कुछ उदाहरणों पर भी दुख जताया। उन्होंने आगे कहा कि कल्पना कीजिए कि एक अखबार 'उपराष्ट्रपति की तरफ से फर्जी तस्वीरें पोस्ट करने' की रिपोर्ट कर रहा है। जब ध्यान आकर्षित किया जाता है, तो अखबार माफी मांगता है। लेकिन मुझे पता है कि मैं आक्रामक नहीं हो सकता, मैं आधिकारिक कार्रवाई मोड में नहीं हो सकता। उपराष्ट्रपति ने देश में हाथ थामने, परामर्श देने की आदत विकसित करने की आवश्यकता महसूस की। उन्होंने कहा, हम अपनी मां या संस्थानों को नुकसान नहीं पहुंचा सकते। हमें उनका पोषण करना होगा। लोकतंत्र तब पोषित होता है जब मीडिया समेत इसके प्रत्येक संस्थान बेहतर प्रदर्शन करते हैं। वहीं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्र-विरोधी और फर्जी आख्यानों को बेअसर करने के लिए मशीन लर्निंग जैसी तकनीक के इस्तेमाल का भी सुझाव दिया। उन्होंने इस दौरान मीडिया से राष्ट्र-विरोधी विचारधाराओं और गलत सूचनाओं और भ्रामक सूचनाओं पर रुख स्पष्ट करने का आग्रह किया।

### संपादकीय का स्थान सबसे महत्वपूर्ण- जगदीप धनखड़

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि मीडिया नीति निमार्ताओं और जनता के बीच एक पुल का काम करता है, उन्होंने कहा कि इसे पक्षपातपूर्ण हितों के साथ काम नहीं करना चाहिए क्योंकि यह आम आदमी और राष्ट्र के हित को प्रभावित करता है। एक कार्यक्रम में बोलते हुए, उन्होंने ने सुझाव दिया कि संपादकीय स्थान सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण होना चाहिए। वहीं उपराष्ट्रपति ने आश्चर्य जताया कि संपादकीय गायब क्यों हो रहा है। उन्होंने कहा कि संपादकीय फोकस लोगों को संवेदनशील बनाने पर होना चाहिए।

## बच्ची की हत्या पर राजनीति, भाजपा नेताओं ने ममता सरकार पर साधा निशाना, भाजयुमो ने सड़क की जाम

**पश्चिम बंगाल।** पश्चिम बंगाल में एक बार फिर एक राज्य सरकार विपक्ष के निशाने पर है, इस मामला अपहरण के बाद एक बच्ची की हत्या से जुड़ा है। इस मामले में भाजपा की तरफ से जोरदार प्रदर्शन किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक दक्षिण 24 परगना जिले में अपहरण के बाद बच्ची की हत्या कर शव नाले में फेंका गया है। वहीं भाजपा ने बच्ची के साथ दुष्कर्म की भी बात कही है।

### भाजपा और स्थानीय लोगों ने किया प्रदर्शन

वहीं दक्षिण 24 परगना में भाजपा नेता अग्निमित्रा पॉल और स्थानीय लोगों ने कुलताली इलाके में प्रदर्शन किया और नाले में बच्ची का शव मिलने के मामले में न्याय की मांग की। इस दौरान भाजपा नेता अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि, कल ट्यूशन से लौट रही नौ साल की बच्ची की लाश आज नहर में मिली।



### सीबीआई जांच की मांग करेगी बीजेपी- पॉल

उन्होंने आगे मांग करते हुए कहा कि, इस मामले में शव को सुरक्षित रखना चाहिए। पोस्टमार्टम केंद्र सरकार के अधीन किसी अस्पताल में होना चाहिए। मैंने बच्ची के पिता से बात की है और वे इस बात पर सहमत हैं कि शव को सुरक्षित रखना चाहिए। सीएम को जिम्मेदारी लेनी चाहिए क्योंकि वे आरोपियों को बचा रही हैं। हम आरोपियों को फांसी की सजा और मामले की सीबीआई जांच की मांग करेंगे।

बच्ची के शव ने पुलिस से इस मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी, लेकिन ममता बनर्जी की पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। जिन लोगों ने बच्ची की लाश देखी है, उनके मुताबिक उसके शरीर पर अभया की तरह ही चोटें थीं।

### सुकांत मजूमदार का ममता सरकार पर हमला

### भाजयुमो का जोरदार प्रदर्शन

इस कड़ी में भाजपा की छात्र इकाई की भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने दक्षिण कोलकाता जिले में जोरदार प्रदर्शन किया, इस दौरान छात्रों की तरफ से सड़क पर टायर जलाकर विरोध-प्रदर्शन किया है।

इधर पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा, यह फिर साबित हो गया है कि ममता बनर्जी प्रशासन में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। इसके विरोध में मैंने इस साल किसी भी पूजा (दुर्गा पूजा पंडाल) का उद्घाटन नहीं करने का फैसला किया है। मैं मां के सामने प्रार्थना करूंगा कि जनता इस सरकार को सबक सिखाए।

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

03 • नई दिल्ली। रविवार 06 अक्टूबर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# आज बूथ सम्मेलन से करेगी कांग्रेस शहर विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों का आगाज

## कांग्रेस महानगर संगठन दिखायेगा आज अपनी ताकत, मेरा बूथ मेरा स्वाभिमान










**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गठबंधन की दरार से बेखबर कांग्रेस आज अपना चुनावी आगाज करेगी। कांग्रेस के महानगर संगठन का बूथ सम्मेलन होगा और खास बात ये है कि इस बूथ सम्मेलन में फोकस ही शहर विधानसभा पर रखा गया है। ये बूथ सम्मेलन शहर विधानसभा का है और ये माना जा रहा है कि आज कांग्रेस इस बूथ सम्मेलन से शहर विधानसभा उपचुनाव सीट पर अपने चुनावी रण का आगाज करेगी। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि यह सम्मेलन संगठन की चुनावी तैयारियों को लेकर है और इस सम्मेलन में 32 वार्डों के अध्यक्ष आयेगे। ये सभी 32 वार्ड शहर विधानसभा क्षेत्र में आने वाले वार्ड हैं। इसके अलावा इन्हीं वार्डों में आने वाले 506 बूथ के अध्यक्ष भी बुलाये गये हैं। वहीं कांग्रेस के उपाध्यक्ष और संगठन प्रभारी त्रिलोक सिंह ने कहा कि मेरा बूथ मेरा स्वाभिमान सम्मेलन के जरिए कांग्रेस अपनी चुनावी तैयारी का ऐलान करेगी। आज शहर विधानसभा उपचुनाव के लिए गाजियाबाद की चुनाव प्रभारी बनायी गई अराधना मिश्रा गाजियाबाद आ रहीं हैं। इसके अलावा चुनाव पर्यवेक्षक तनुज पूनिया भी आयेंगे। मेरा बूथ मेरा स्वाभिमान सम्मेलन में सभी 506 बूथ अध्यक्ष और वार्ड के अध्यक्ष मौजूद रहेंगे।



### विजय चौधरी के लिए बूथ सम्मेलन खुद को साबित करने का मौका

करंट क्राइम। विजय चौधरी पुराने कांग्रेस कार्यकर्ता हैं। वो संगठन से लेकर चुनाव तक पूरा अनुभव रखते हैं। वो मेयर चुनाव लड़ चुके हैं और उन्हें लोकसभा चुनाव में महानगर संगठन की कमान सौंपी गई। महानगर वाली कमान संभालने के बाद में उन्होंने संगठन में एक जान भी फूंकी है। वो ई रिक्शा चालकों के मुद्दे से लेकर अन्य मुद्दों पर कार्यकर्ताओं के साथ सड़क पर आते हैं। चुनाव से पहले उन्होंने सब कुछ उम्मीदवार पर ना छोड़कर एक नेता के रूप में खुद कमान संभाली है। ये सीन बहुत पहले हुआ करता था जब कांग्रेस का संगठन अपने उम्मीदवार के साथ उसकी ताकत बनकर आता था। पुराने कांग्रेसी भी ये मानकर चल रहे हैं कि विजय चौधरी ने एक तरह से संगठन वाले अंदाज में ये सम्मेलन बुलाया है। ये इसलिए है क्योंकि अभी कांग्रेस ने उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। लेकिन यहां संगठन अपने रोल में आ गया है। संगठन अपनी ताकत को दिखाने जा रहा है और कांग्रेस महानगर अध्यक्ष के रूप में विजय चौधरी के सामने ये मौका होगा जब वो चुनाव प्रभारी को ये दिखायेंगे कि उम्मीदवार पार्टी जिसे चाहे उसे घोषित करे लेकिन हम महानगर संगठन की टीम हैं और हर बूथ पर हमारे प्रभारी हैं। हर बूथ पर हमारी टीम है और हम कांग्रेस के उम्मीदवार को पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ायेंगे।

### पहली बार हो रहा है कांग्रेस का बूथ सम्मेलन

करंट क्राइम। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष के रूप में कमान संभालने के बाद विजय चौधरी के नेतृत्व में यहां कांग्रेस सियासी रण में अब अपनी मजबूत दखल दे रही है। वो जनता के जुड़े मुद्दों को लेकर सड़क पर आती है। अब जब चुनाव है तो यहां कांग्रेस का महानगर संगठन एक तरह से अपनी ताकत का मुलाहिजा कर रहा है। वो ये दिखा रहा है कि 32 वार्ड में उसके प्रभारी मौजूद हैं और वो सभी प्रभारी इस सम्मेलन में आयेंगे। कांग्रेस का महानगर संगठन 506 बूथ अध्यक्ष के साथ अपनी बूथ ताकत को दिखायेगा। बताया जाता है कि सबसे खास बात ये है कि कांग्रेस जिस चुनावी शंखनाद को करने जा रही है ये बूथ सम्मेलन संभवत पहली बार हो रहा है। महानगर संगठन अपनी चुनावी तैयारियों का मुलाहिजा करेगा।

### दावेदार दिखायेंगे अपना चुनावी दमखम

करंट क्राइम। ये कांग्रेस का बूथ सम्मेलन है और इसे नाम भी मेरा बूथ मेरा स्वाभिमान दिया गया है। संगठन अपनी भूमिका को हिंदी भवन के भीतर और बाहर लेकर चल रहा है। लेकिन सूत्र बताते हैं कि चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदार चुनाव प्रभारी के सामने अपना दमखम दिखायेंगे। चुनाव प्रभारी का कई स्थानों पर जोरदार स्वागत होगा। उन्हें यूपी गेट पर रिसीव किया जायेगा और उसके बाद उन्हें हिंदी भवन लेकर कांग्रेसी पहुंचेंगे। ऐसे में ये माना जा रहा है कि चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदार अलग अलग स्थानों पर स्वागत के जरिए अपनी ताकत दिखायेंगे।

### महानगर संगठन बना रहा है अपनी मजबूत चुनावी रणनीति

करंट क्राइम। एक तरफ ये चर्चा चल रही है कि कांग्रेस और सपा अलग अलग चुनाव लड़ेंगे। ऐसे में अगर देखा जाये तो यहां कांग्रेस का महानगर संगठन दरार की चर्चाओं से बेखबर अपनी चुनावी रणनीति बना रहा है। वो अपनी टीम को बूथ पर ले आये हैं। बूथ पर भाजपा भी फोकस कर रही है और बूथ पर कांग्रेस भी गंभीरता से फोकस कर रही है। ऐसे में ये माना जा रहा है कि कांग्रेस यहां उम्मीदवार के फेस पर नहीं बल्कि अपने कार्यकर्ताओं की फौज के बेस पर चुनाव लड़ने जा रही है। वो जन मुद्दों को लेकर आयेगी और उसने संगठन वाली मजबूती को बेस बनाया है। सियासी जानकार ये मानकर चल रहे हैं कि अगर कांग्रेस 506 बूथों पर एक विधानसभा में अपने बूथ प्रभारी बना रही है और उन्हें वास्तविक रूप में सामने लेकर आ रही है तो ये संगठन की एक बड़ी रणनीति मानी जा सकती है। सबसे बडी बात ये है कि महानगर संगठन उम्मीदवार के चेहरे पर फोकस नहीं कर रहा है वो संगठन की चुनावी रणनीति पर फोकस कर रहा है।

### बायोडाटा वाले दावेदार क्या आयेंगे हिंदी भवन में भी नजर

करंट क्राइम। हालांकि संगठन का ये कहना है कि हिंदी भवन का सम्मेलन चुनावी सम्मेलन नहीं है बल्कि ये सम्मेलन बूथ सम्मेलन है। इसमें शहर विधानसभा के सभी बूथों के अध्यक्षों को बुलाया गया है। लेकिन जब चुनाव वाले शहर में चुनाव प्रभारी आयेंगी, चुनाव पर्यवेक्षक आयेंगे तो वो 15 चेहरे तो जरूर आयेंगे जो चुनाव लड़ने के लिए अपना बायोडाटा देकर आये हैं। अब ये दावेदार अपनी ताकत को कहां दिखायेंगे, कैसे दिखायें, ये उन्हीं पर निर्भर है। रास्ते में स्वागत कार्यक्रम से भी ताकत दिखायी जा सकती है और हिंदी भवन में भी अपने समर्थकों के साथ दावेदार दिखाई दे सकते हैं। बहरहाल कांग्रेस ने अपनी चुनावी तैयारियों का आगाज कर दिया है। अधिसूचना जब जारी होगी तब हो जायेगी लेकिन कांग्रेस ने एक तरह से अपने बूथ सम्मेलन के जरिए चुनावी शंखनाद किया है। आज संगठन की भी परीक्षा होनी है। आज ये पता चलेगा कि महानगर संगठन ने वास्तव में बूथ पर कितनी मेहनत की है। उसने बूथ पर अगर अपनी टीम बना ली है तो फिर ये मानकर चलो कि वो मजबूत चुनावी थीम की तरफ बढ़ रहे हैं। चुनाव प्रभारी के सामने भी स्पष्ट हो जायेगा कि शहर विधानसभा वाले चुनावी रण में कांग्रेस की फौज हर बूथ वाले मोर्चे पर तैनात है।

# गाजियाबाद के साहिबाबाद और दिल्ली के न्यू अशोक नगर के बीच नमो ट्रेन का ट्रायल रन शुरू

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** NCRTC ने भारत के प्रथम रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम को तैयार करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शनिवार को दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के साहिबाबाद-न्यू अशोक नगर सेक्शन के बीच ट्रायल रन शुरू कर दिया है।



कॉरिडोर का दिल्ली सेक्शन अब पहले से संचालित साहिबाबाद- मेरठ साउथ खंड से जुड़ने वाला है। इस मौके पर एनसीआरटीसी के मैनेजिंग डायरेक्टर शलभ गोयल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस ट्रायल में सिविल स्ट्रक्चर की संगत की जांच के लिए नमो भारत ट्रेन को मैन्युअल तरीके से चलाया गया।

इसी कड़ी में जैसे-जैसे यह परीक्षण आगे बढ़ेगा एनसीआरटीसी ट्रैक, सिग्नलिंग, प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर (पीएसडी) और ओवरहेड पावर सप्लाई सिस्टम जैसे विभिन्न सबसिस्टम के साथ ट्रेन के इंटीग्रेशन और इसके समन्वय का आकलन करने के लिए व्यापक मूल्यांकन होगा।

इसके साथ ही अगले कुछ महीनों में ट्रेन के हाई-स्पीड टेस्ट सहित व्यापक ट्रायल रन की योजना है। साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक इस सेक्शन की लंबाई लगभग 12 किमी है। इस सेक्शन में आनंद विहार और न्यू अशोक नगर दो आरआरटीएस स्टेशन हैं। इस सेक्शन के संचालित होने पर यात्रियों के लिए नमो भारत ट्रेन सेवा न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक उपलब्ध हो जाएगी।

जिसके बाद यात्री लगभग 40 मिनट से भी कम समय में न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ और मेरठ साउथ से न्यू अशोक नगर दिल्ली, निर्बाध और तेज गति से पहुंच सकेंगे।

न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन, न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन से 100 मीटर से भी कम दूरी पर स्थित है। इन दो परिवहन साधनों को एकीकृत करने के लिए एनसीआरटीसी मेट्रो स्टेशन के कॉनकोर्स स्तर को आरआरटीएस स्टेशन के कॉनकोर्स से जोड़ने के लिए एक फुटओवर ब्रिज (एफओबी) तैयार कर रही है।

इसके अतिरिक्त न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन पर पहुंच को आसान बनाने के लिए दो और एफओबी एक चिल्ला गांव और मयूर विहार एक्सटेंशन की ओर और दूसरा प्राचीन शिव मंदिर के पास बनाए जा रहे हैं। ये एफओबी न्यू अशोक नगर के निवासियों को स्टेशन तक आवागमन के लिए आसान पहुंच प्रदान करेंगे।

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जनपद की तीनों तहसीलों में 'तहसील दिवस' सम्पन्न

**तीनों तहसीलों में 222 शिकायतें दर्ज, 17 का मौके पर निस्तारण, शेष शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आदेश**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रत्येक माह के पहले और तीसरे शनिवार को होने वाले तहसील दिवस के मद्देनजर जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता एवं नेतृत्व में तहसील दिवस संपन्न हुआ।

शिकायतों का निस्तारण समयान्तराल में निष्पक्ष एवं पूर्ण गुणवत्तापूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जायेः जिलाधिकारी

मोदीनगर तहसील में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में तहसील दिवस संपन्न हुआ। इस दौरान तहसील दिवस में कुल 117 शिकायत प्राप्त हुईं और 8 का मौके पर निस्तारण हुआ। इस दौरान सीडीओ अभिनव गोपाल, सीएमओ डॉ.अखिलेश मोहन, एसडीएम मोदीनगर डॉ.पूजा गुप्ता, एसीपी मोदीनगर, तहसीलदार डॉ.अरूण कुमार अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतों का निस्तारण समयान्तराल में निष्पक्ष एवं पूर्ण गुणवत्तापूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाये। सदर तहसील में एडीएम सिटी गम्भीर सिंह की अध्यक्षता में तहसील दिवस आयोजित हुआ जिसमें 37 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम अरुण कुमार दीक्षित, तहसीलदार श्री रवि कुमार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद रहे। लोनी तहसील में एसडीएम राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में तहसील दिवस संपन्न हुआ। इस मौके पर 68 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य, तहसीलदार जयप्रकाश, बीडीओ विन्नी यादव सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।



इस प्रकार जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों में कुल 222 शिकायतें आई और 17 का मौके पर निस्तारण हुआ। शेष शिकायतों के लिए अधिकारियों द्वारा जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आदेश दिए गए।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश में किया गया विशेष अलर्ट

## डीजीपी प्रशांत कुमार ने रद्द की पुलिसकर्मियों की छुट्टी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** गाजियाबाद में विवादित बयान का असर अब धीरे-धीरे पश्चिम उत्तर प्रदेश के कई जिलों में देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को बुलंदशहर ,मेरठ और गाजियाबाद में जिस तरीके से लोगों ने घेराव और प्रदर्शन किया, उसको लेकर पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अलर्ट कर दिया गया है। गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, बुलंदशहर के साथ ही मुजफ्फरनगर और रामपुर, सहारनपुर तक पुलिस लोगों और धार्मिक आस्थाओं से जुड़े मामले को लेकर विशेष रूप से अलर्ट मोड पर आ गई है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रमुख प्रशांत कुमार ने लखनऊ से बयान जारी करते हुए कहा है कि प्रदेश का माहौल खराब करने की छूट किसी को नहीं दी जाएगी, चाहे कोई भी हो। उन्होंने जानकारी दी है कि गाजियाबाद वाले मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। स्थानीय पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। गाजियाबाद की स्थिति सामान्य है।




### एक महीने के लिए रद्द की गई यूपी पुलिस की छुट्टी



करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश के पुलिस प्रमुख प्रशांत कुमार ने बाकायदा सभी डीजी, एडीजी और पुलिस कमिश्नर से लेकर कप्तानों को निर्देश जारी किया है कि 8 अक्टूबर से लेकर 11 नवंबर तक जो अलग-अलग त्यौहार जिसमें दुर्गा पूजा, दशहरा, दीपावली, छठ पूजा का त्यौहार पड़ रहा है, इसको देखते हुए पुलिसकर्मियों की छुट्टी को निरस्त कर दिया गया है। किसी भी पुलिसकर्मियों को विशेष परिस्थिति पर ही छुट्टी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने सभी जिले और जोन के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ठीक प्रकार से अपनी ड्यूटी को अंजाम देने के साथ ही वह कानून व्यवस्था और पुलिसिंग को मजबूत बनाने पर जोर देंगे।

### सोशल मीडिया से लेकर पीस कमेटी की बैठक से शांति का संदेश

करंट क्राइम : बीते कुछ दिनों में जिस तरीके से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शन और हंगामा रहा है, उसको देखकर पुलिस के अधिकारियों द्वारा सोशल मीडिया की निगरानी रखने के साथ ही पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित कर प्रमुख लोगों के साथ पुलिसिया तालमेल बढ़ाने और शांति व्यवस्था स्थापित करने का भी निर्देश दिया गया है।

### अलर्ट मोड पर रहे सभी शीर्षाधिकारी

करंट क्राइम : त्यौहारी सीजन के बीच जिस तरीके से गाजियाबाद, बुलंदशहर, हापुड़, मेरठ मुरादाबाद में प्रदर्शन और नारेबाजी वाले मामले सामने आए हैं। उसको लेकर पश्चिम उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के अधिकारियों को विशेष रूप से अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही कंट्रोल रूम को अपडेट करने और रिजर्व में पुलिस बल को रखने का आदेश दिया गया है।

# जनपद के कौन तीन क्रांतिकारी नेता जिन पर है पुलिस की नजरें

## आगामी उपचुनाव को लेकर किए जा सकते हैं जिला बदर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है और विधानसभा चुनाव उपचुनाव को लेकर पुलिस और खुफिया विभाग अपनी तैयारी शुरू कर चुका है। ऐसे में ऐसे लोगों पर नजर रखी जा रही है, जो किसी प्रकार से माहौल खराब कर सकते हैं या उनके बयानबाजी खतरनाक साबित हो सकते हैं। साथ ही ऐसे लोगों पर भी पुलिस की एक टीमें नजर रखने का काम कर रही हैं जो सोशल मीडिया पर अपनी टिप्पणी और बेबाक राय को रखते हैं और फिर विवाद खड़ा होने पर पुलिस को एक्शन वाले मोड पर आना पड़ता है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि जिस तरीके से बीते कुछ प्रकरणों में समाजवादी पार्टी का एक युवा नेता, दो हिंदूवादी संगठन के पदाधिकारी और हिंदू संगठन से जुड़े चेहरे इन दिनों गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के तमाम मामलों को लेकर एक्टिव हैं, इसको लेकर पुलिस रणनीति बना सकती है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्र बता रहे हैं कि इन तीनों ही क्रांतिकारी नेताओं पर पुलिस पूर्व में कई मुकदमे दर्ज कर चुकी है। इन पर कई-कई मुकदमें बीते एक साल के दौरान दर्ज हो चुके हैं। पुलिस इसी का आधार बनाते हुए इन्हें आगामी विधानसभा उपचुनाव की घोषणा होने से पूर्व जिला बदर कर सकती है। साथ ही उनके खिलाफ शांति व्यवस्था भंग करने के साथ ही माहौल खराब करने का आरोप लगाते हुए भी कार्रवाई की जा सकती है।

### बयानों से लेकर सोशल मीडिया पोस्ट पर पुलिस की रहती है नजर

करंट क्राइम । पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि इन तीनों ही क्रांतिकारी नेताओं को लेकर पुलिस लगातार अपनी रडार मजबूत रखती है। इसके साथ ही पुलिस इनके सोशल मीडिया अकाउंट से लेकर किसी भी मामले को लेकर जो यह बयान और प्रेस रिलीज जारी करते हैं, उसपर भी पुलिस पैनी नजर रखने का काम करती है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्र बता रहे हैं कि अगर तीनों क्रांतिकारी नेताओं के मिजाज कुछ दिनों में नहीं बदले तो पुलिस इनके तेवर ठंडे करने के लिए कोई कार्रवाई भी अवश्य करेगी।

### लगातार पुलिस के खिलाफ भी आवाज बुलंद कर रहे हैं तीनों नेता

**करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों का कहना है कि तीनों ही क्रांतिकारी नेता बीते कुछ महीने के दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद कर चुके हैं। कभी ई-रिक्शा के मामले को लेकर इन्होंने आवाज बुलंद की है। तो कभी नॉनवेज की दुकानों का मुद्दा इनके द्वारा उठाया गया। इसके साथ ही बीते दिनों स्कूली छात्रा के साथ यौन शोषण के मामले को लेकर भी धरना, प्रदर्शन और चेतावनी वाले पोस्ट, वीडियो बाइट सामने आए थे। इसको लेकर पुलिस इन तीनों पर गहरी नजर रख रही है और कभी भी इन पर कार्रवाई वाला एक्शन हो सकता है। ऐसा जानकारी सूत्रों की ओर से दी गई है।

## संपादकीय

# सबसे बड़ी खेप पर शिकंजा

दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने 562 किलो कोकेन की जो खेप पकड़ी, वह निश्चित रूप से बड़ी कामयाबी कही जाएगी। हालांकि उसकी यह कामयाबी उसी अनुपात में चिंता भी जगाती है क्योंकि इससे पता चलता है कि इंटरनैशनल नेटवर्किंग के जरिए यह जहर न केवल भारत में लाया जा रहा है बल्कि इसे समाज के अलग-अलग हिस्सों तक पहुंचाया भी जा रहा है।

दिल्ली पुलिस की यह जब्ती सबसे पहले तो अपनी विशाल मात्रा की वजह से ही ध्यान खींचती है। 6.5 हजार करोड़ रुपये मूल्य की यह खेप दिल्ली में अब तक पकड़ी गई कोकेन की सबसे बड़ी मात्रा बताई जा रही है। मगर यह हाल के दिनों की इकलौती जब्ती नहीं है। कुछ समय पहले ही दिल्ली एयरपोर्ट पर 6 किलो ग्रेड ए कोकेन बरामद की गई थी। 2022 में मुंद्रा पोर्ट पर 500 करोड़ रुपये की 56 किलो कोकेन बरामद हुई थी। 2021 में तमिलनाडु के तूतीकोरिन पोर्ट पर 300 किलो कोकेन पकड़ी गई थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 2000 करोड़ रुपये आंकी गई थी।

साफ है कि भारत में कोकेन पहुंचाने का काम धड़ल्ले से चल रहा है। बुधवार की पुलिस कार्रवाई से सामने आए तथ्य भी बताते हैं कि कोकेन का इंटरनैशनल कार्टेल सुनियोजित ढंग से भारत में कोकेन पहुंचा रहा है। इसका पूरा तंत्र बना हुआ है जो काम भी कर रहा है। प्लानिंग, कम्युनिकेशन, डिलिवरी और पेमेंट- सबका पूरा सिस्टम बना हुआ है। बताया जा रहा है कि ये कोकेन दिल्ली, मुंबई और गोवा में अगले कुछ महीनों में होने वाले म्यूजिक कंसर्ट को ध्यान में रखते हुए लाई गई थी। नशे के इन सौदागरों की नजर में ये कंसर्ट ड्रग्स की खपत बढ़ाने का जरिया हैं।

अच्छी बात यह है कि पुलिस इस मामले के अंतरराष्ट्रीय पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ रही है। कोकेन कारोबार ग्लोबल नेटवर्किंग के जरिए ही फलता-फूलता है। इसे तैयार करने वाले कोका प्लांट मुख्यतया तीन लैटिन अमेरिकी देशों- पेरू, बोलीविया और कोलंबिया झ में हैं। वहां से शिपमेंट के जरिए लंबे-चौड़े समुद्री मार्ग से इसे दुनिया भर में भेजा जाता है। दिल्ली में पकड़ी गई ताजा खेप भी पनामा रूट से इथियोपिया और दुबई होते हुए दिल्ली भेजी गई थी।

इसमें कोई दो राय नहीं कि इस मामले में पुलिस की तत्परता और कुशलता काबिले तारीफ है। लेकिन ड्रग्स की चुनौती से निपटने के लिए यह काफी नहीं। समझना होगा कि इसके प्रॉडक्शन और डिमांड को खत्म किए बगैर सप्लाई के फ्लो को पूरी तरह रोकना संभव नहीं है। जाहिर है, सरकार और समाज को मिल-जुलकर एक लंबी लड़ाई के लिए कमर कसनी होगी।

# उतार-चढ़ाव के बाद फिर लाल निशान पर बंद हुआ बाजार

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में पिछले पांच दिनों की गिरावट के दौरान निवेशकों करीब 16 लाख करोड़ रुपये का नुकसान झेलना पड़ा है। इस दौरान सेंसेक्स सिर्फ पांच कारोबारी सत्रों में 4,100 अंक से ज्यादा फिसल गया। बाजार में यह गिरावट ईरान-इस्त्राइल के बीच तनाव के चरम पर पहुंचने के बाद आई है। दूसरी ओर, चीन की ओर से प्रोत्साहन पैकेज के एलान ने भारतीय बाजार के लिए आग में घी का काम किया है।

सेंसेक्स निफ्टी में लगभग एक प्रतिशत की गिरावट

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को 30 शेयरों वाला प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स 808.65 (0.98%) अंकों की गिरावट के साथ 81,688.45 पर पहुंचकर बंद हुआ। दूसरी ओर, 50 शेयरों वाले बेंचमार्क सूचकांक निफ्टी में 235.50 (0.93%) अंकों की नरमी आई और यह 25,014.60 के स्तर पर बंद हुआ। इस दौरान भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.9725 पर लगभग स्थिर रहा।




पांच कारोबारी सत्र में 4148 अंक टूटा सेंसेक्स

इससे पहले गुरुवार को सेंसेक्स 1,769 अंक गिर गया था, निफ्टी भी कमजोर होकर 25,000 के महत्वपूर्ण स्तर तक पहुंच गया था। 27 सितंबर से पिछले 5 कारोबारी सत्रों में, सेंसेक्स 4,148 अंक गिरा। इस दौरान बीएसई पर सूचीबद्ध शेयरों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 15.9 लाख करोड़ रुपये घटकर 461.26 लाख करोड़ रुपये रह गया। चीन की ओर से मंदी से उबरने के लिए प्रोत्साहन उपायों की घोषणा करने के बाद वैश्विक निवेशक भारत से पैसा निकालकर उसका रुख चीन की ओर कर रहे हैं। इसका नकारात्मक असर सेंसेक्स और निफ्टी पर पड़ रहा है।

ईरान और इस्त्राइल के बीच तनाव बढ़ने से निवेशक बरत रहे सतर्कता

पिछले शुक्रवार को बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में इस्त्राइली हवाई हमले के जवाब में ईरान की ओर से मंगलवार को इस्त्राइल की ओर लगभग 200 बैलिस्टिक मिसाइलें दागे गए। इस घटनाक्रम के बाद उभरते बाजारों में विदेशी निवेशक सतर्कता बरतने लगे। बाजार आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार तक के कारोबारी सत्र में एफआईआई ने दलाल स्ट्रीट से करीब 32,000 करोड़ रुपये की बिकवाली की।

## इंडिगो एयरलाइंस का सिस्टम तकनीकी दिक्कत के चलते धीमा उड़ान संचालन बुरी तरह प्रभावित

**नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइंस का सिस्टम तकनीकी कारणों से बेहद धीमी गति से काम कर रहा है। एयरलाइंस के पूरे नेटवर्क में यह समस्या आई है, जिसके चलते एयरलाइंस की उड़ान सेवाएं प्रभावित हुई हैं।

इसके चलते यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और विभिन्न एयरपोर्ट्स पर चेक इन और सामान की जांच के लिए यात्रियों की लंबी कतारें दिख रही हैं।



**इंडिगो ने जारी किया बयान :** इंडिगो ने बयान जारी कर बताया है कि 'हम फिलहाल अपने पूरे नेटवर्क में अस्थायी तौर पर सिस्टम के धीमा होने की समस्या से जूझ रहे हैं। इससे हमारी वेबसाइट और बुकिंग सिस्टम भी प्रभावित हुआ है।

इसकी वजह से यात्रियों को थोड़ा ज्यादा इंतजार करना पड़ रहा है। चेक इन धीमा हो रहा है और एयरपोर्ट्स पर लंबी कतारें हैं।'

## पांच साल में 2000 डॉलर बढ़ जाएगी प्रति व्यक्ति आय वित्त मंत्री बोलीं- आने वाला समय भारतीयों का होगा

**नई दिल्ली।** सरकार के उपायों और कुछ वर्षों में प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने के प्रयासों के साथ आम आदमी के जीवन स्तर में तेजी से सुधार आएगा। अगले पांच साल में भारतीयों की प्रति व्यक्ति आय 2,000 डॉलर बढ़ जाएगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार हमें 2,730 डॉलर की प्रति व्यक्ति आय तक पहुंचने में 75 साल लगे, लेकिन इसमें 2,000 डॉलर और जोड़ने में सिर्फ पांच वर्ष लगेंगे। यह वास्तव में भारतीयों का युग होगा।

वित्त मंत्री ने शुक्रवार को कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन के तीसरे संस्करण में कहा, भारत वैश्विक चुनौतियों के बावजूद अपनी 1.4 अरब आबादी (वैश्विक आबादी का 18 फीसदी) के लिए कुछ वर्षों में प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने का प्रयास करेगा। एजेंसी



वित्त मंत्री ने कहा, देश में असमानता में कमी आई है। असमानता को मापने के लिए सांख्यिकीय उपाय गिनी गुणांक शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सुधार दशार्ता है।

उन्होंने कहा, यह असमानता में कमी के साथ हासिल किया जा रहा है, क्योंकि ग्रामीण भारत के लिए गिनी गुणांक (आय असमानता सूचकांक) 0.283 से घटकर 0.266 रह गया है।। शहरी क्षेत्रों के लिए यह 0.363 से घटकर 0.314 रह गया है।

### दुनिया के लिए समृद्धि लाएगा विकसित भारत

सीतारमण ने कहा, भारत 2047 तक जब अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे कर लेगा, तब नए भारतीय युग की मूल विशेषताएं विकसित देशों के समान होंगी।

## ऐल आई सी की गजब स्कीम... रोज सिर्फ 45 रुपये बचाकर पाएं 25 लाख, मिलता है डबल बोनस

**नई दिल्ली।** हर कोई अपनी कमाई में से कुछ न कुछ बचत करके उसे ऐसी जगह इन्वेस्ट करना चाहता है। जहां उसके लिए मोटा फंड इकठ्ठा हो जाए और पैसा भी सुरक्षित रह। इस मामले में देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम की सेविंग स्कीम्स सुरक्षा और रिटर्न दोनों के हिसाब से खासी पॉपुलर हैं। एलआईसी में हर आयु उम्र के लोगों के लिए प्लान उपबल्ध हैं, जिनमें थोड़ा-थोड़ा निवेश करके भी आप मोटा फंड इकठ्ठा कर सकते हैं।




ऐसी ही एक स्कीम है एलआईसी की जीवन आनंद पॉलिसी जिसमें रोजाना के हिसाब से महज 45 रुपये बचाकर आप 25 लाख रुपये पा सकते हैं। आइए जानते हैं इसके बारे में फुल डिटेल...

### छोटी सेविंग, बड़ा धमाका

अगर आप कम प्रीमियम में अपने लिए मोटा फंड जुटाना चाहते हैं, तो जीवन आनंद पॉलिसी आपके लिए बेहतरीन ऑप्शन साबित हो सकता है। एक तरह से ये टर्म प्लान की तरह ही है. जितने समय के लिए आपकी पॉलिसी है। आप उतने समय तक प्रीमियम का भुगतान कर सकते हैं। इस स्कीम में पॉलिसीधारक को एक नहीं बल्कि कई मैच्योरिटी बेनिफिट मिलते हैं। एलआईसी की इस स्कीम में कम से कम एक लाख रुपये का सम एश्योर्ड होता है, जबकि मैक्सिमम की कोई लिमिट तय नहीं की गई है।

### 45 रुपये जमाकर कैसे बनेंगे 25 लाख

आप करीब 1358 रुपये हर महीने का जमा करके 25 लाख रुपये का फंड जमा कर सकते हैं। इसे प्रति दिन के हिसाब से देखें तो आपको 45 रुपये हर रोज बचाने होंगे।

ये सेविंग्स आपको लॉन्ग टर्म के लिए करनी होगी. इस पॉलिसी के तहत अगर आप 45 रुपये रोज की बचत करते हुए 35 साल के लिए निवेश करते हैं।

## राशिफल

**मेष:** खर्चों में वृद्धि होगी। मेहमानों के साथ बुरा व्यवहार न करें। ऐसा व्यवहार न केवल आपके परिवार को दुखी कर सकता है, बल्कि रिश्ते में दूरियां भी पैदा कर सकता है।

**वृष:** आज आप पूरे दिन ऊजार्वान महसूस करेंगे. ऑफिस में कई दिनों से रुका हुआ काम समय पर पूरा करेंगे। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन बेहतर है।

**मिथुन:** मित्रों और प्रियजनों के साथ सुखद मुलाकात होगी. यात्रा भी सुखद रहेगी। पढ़ाई में मन नहीं लगेगा। आर्थिक रूप से आप समृद्ध रहेंगे और नए सौदे भी आगे बढ़ेंगे।

**कर्क:** आज काम का बोझ कुछ तनाव और झुंझलाहट का कारण बन सकता है। चतुर वित्तीय योजनाओं में फंसने से बचें, निवेश में बेहद सावधानी बरतें।

**सिंह:** आज घर के बड़ों का आशीर्वाद लेकर बाहर जाएं आपके लिए कारगर साबित होगा। ऑफिस में कुछ नई जिम्मेदारियां आपके कंधों पर आ सकती हैं।

**कन्या:** आज आपके जीवन में किसी खास दोस्त के आने से आपके जीवन की खुशियां दोगुनी हो जाएंगी। आपके जीवन में खुशियां दस्तक देने वाली हैं।

**तुला:** निवेश से जुड़े अहम फैसले किसी और दिन के लिए छोड़ देने चाहिए। यह जानकर बहुत दुख होगा कि जिस पर विश्वास करते आए हैं, वह विश्वसनीय नहीं है।

**वृश्चिक:** यात्रा का दिन रहेगा। ऑफिस के किसी काम से बाहर जाना पड़ सकता है, दिन अच्छा बीतेगा। घर में किसी दूर के रिश्तेदार के आने से खुशियों का माहौल बनेगा।

**धनु:** प्रेमी और प्रेमिका के साथ प्यार भरे पल बिताएंगे। शेयर बाजार में निवेश न करें। आर्थिक लाभ होगा और भौतिक चीजों पर भी खर्च करेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी।

**मकर:** समस्या से निजात पाने के लिए सकारात्मक सोच का सहारा लें। आत्मविश्वास हासिल नहीं कर सकते। दूसरों को प्रभावित करने के लिए पैसा खर्च न करें।

**कुंभ:** भाग्य साथ देगा। यदि कोई नया व्यवसाय शुरू करने की सोच रहे हैं तो मुहूर्त देख सकते हैं। धन लाभ के साथ सुख भी प्राप्त होगा। शादीशुदा के लिए दिन अनुकूल है।

**मीन:** आज आप कोई महत्वपूर्ण योजना भी बना सकते हैं। जीवनसाथी से थोड़ी अनबन के कारण आपकी मानसिक चिंता बढ़ सकती है।

## चुटकुले

डॉक्टर- जब तुम तनाव में होते हो
क्या करते हो?
मरीज- जी, मंदिर चला जाता हूं...
डॉक्टर- बहुत बढ़िया,
ध्यान-ध्यान लगाते हो वहां?
मरीज- जी नहीं, लोगों के जूते चप्पल मिक्स
कर देता हूं, फिर उन लोगों को
देखता रहता हूं...
उनको तनाव में देख कर मेरा
तनाव दूर हो जाता है

घर जमाई : आज से मैं रोटी
नहीं चावल खाऊंगा।
सास : ऐसा क्यों?
घर जमाई : मोहल्ले वालों के ताने सुनकर थक गया
हूं। रोज कहते हैं कि ससुराल वालों की
रोटी तोड़ता हूं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जो लोग सोचते हैं कि उनकी राय दूसरों के मुकाबले बेहतर है, वे अपने प्रासंगिक ज्ञान को अधिक महत्व देने और अधिक जानने के अवसरों को अनदेखा कर सकते हैं, एक अध्ययन में पाया गया।
- साल 2015 में जर्मनी में सबसे ज्यादा आश्रय अनुरोध थे।
- सावधानीपूर्ण और कुशल इंजीनियरिंग के कारण आकाशीय बिजली ने साल 1963 से किसी भी विमान को नुक्सान नहीं पहुँचाया है, क्यूंकि यह आकाशीय बिजली के बोल्ट के बिजली के चार्ज को विमान के माध्यम से चलाता है और इसके बाहर चला जाता है।
- कई आइसलैंड निवासियों के लिए, विश्व युद्ध 2 वास्तव में 'धन्यवाद युद्ध' के रूप में जाना जाता है क्योंकि देश की आजादी के लिए धन्यवाद देने का युद्ध है। जब स्टीव जॉब्स अपनी मृत्युसैय्या पर थे, तो उन्होंने पांच अलग ऑक्सीजन मास्क मांगे ताकि वह सर्वश्रेष्ठ डिजाइन के साथ एक चुन सकें।
- यदि आप वास्तविक जीवन में राक्षसों और पिशाचों के बारे में जानना चाहते हैं, तो आप एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में पैराप्सिओलॉजी में पीएचडी प्राप्त कर सकते हैं।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

करंट क्राइम

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

06 10 2024

आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन




संजय मिश्रा
अभिनेता



इशांत चौधरी, वैष्णवी, राजेश सिंह, शगुन त्यागी, बासिद अली, कुलदीप कसाना, सुनील जैन

अवधेश सिंह, देवेन्द्र यादव, बी. सिंह, बिनय कुमार, दिलीप सिंह, दुष्यंत प्रताप, मनोज राठौर, बुद्धप्रकाश

कपिल पाल, आशीष दूबे, परिकर त्यागी, अमन शर्मा, राहुल वर्मा, अरविन्द, रोहित आजाद, हैदर मिर्जा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# 14 साल बाद ग्वालियर में होगी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी

**ग्वालियर।** बांग्लादेश को टेस्ट सीरीज में 2-0 से शिकस्त देने के बाद भारत की नजरें अब तीन मैचों की टी20 सीरीज पर है। भारत के लिए ये मुकाबला दो मायनों में खास है - एक तो टी20 विश्व कप जीतने के बाद भारतीय टीम पहली बार घर में खेल रही होगी। दूसरा ये कि ग्वालियर को 14 साल बाद किसी अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले की मेजबानी मिली है। आखिरी बार जब इस शहर में अंतर्राष्ट्रीय मैच हुआ था तो सचिन तेंदुलकर वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने थे। हालांकि ये मुकाबला उस मैदान पर नहीं खेला जाएगा बल्कि एक नए नवेले स्टेडियम में बल्ले और गेंद की भिड़ंत देखने को मिलेगी। बांग्लादेश भी अपने सर्वकालिक बेहतरीन ऑलराउंडर शाकिब अल हसन के संन्यास लेने के बाद पहली बार किसी भी फॉर्मेट में मैदान पर उतरेगी। हालांकि



महमूदुल्लाह और मुस्तफि जुर रहमान का अनुभव इस टीम के पास रहेगा। साथ ही भारतीय पिचों पर युवा लेग स्पिनर रिशाद हुसैन से अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजों को होशियार रहने की जरूरत होगी।

रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा जो टेस्ट सीरीज का हिस्सा थे - वे तीनों टी20 से संन्यास ले चुके हैं लिहाजा सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में एक नई नवेली टीम इंडिया मैदान पर चमक बिखेरने की कोशिश में नजर आएगी। साथ ही साथ भारत को 16 अक्तूबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलना है इसलिए इस टीम में टेस्ट खेलने वाले भारतीय खिलाड़ियों को आराम दिया गया है।

माधवराज सिंधिया के नाम पर बने इस नए स्टेडियम पर वैसे तो अब तक कोई भी प्रथम श्रेणी मैच नहीं खेला गया है। हालांकि, इस साल यहां मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग का आयोजन जरूर हुआ था जहां जमकर रनों की बारिश हुई थी। लिहाजा भारत-बांग्लादेश के बीच होने वाले इस मुकाबले में भी जमकर रन बरसने की संभावना है।

कानपुर टेस्ट में जहां बारिश की वजह से ढाई से ज्यादा दिन बर्बाद हुए थे, इसके ठीक उलट ग्वालियर में रविवार को मौसम पूरी तरह साफ रहने की उम्मीद है और क्रिकेट के लिए अनुकूल रहेगा।

भारत ने जुलाई में जब ज़िम्बाब्वे का दौरा किया था, तब भारतीय टीम के एकादश में एक साथ चार सलामी बल्लेबाजी खेल रहे थे। हालांकि बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के लिए अभिषेक शर्मा के रूप में 15 सदस्यीय दल में सिर्फ.एक सलामी बल्लेबाज को ही चुना गया है। ज़िम्बाब्वे दौरे पर अभिषेक ने 47 गेंदों में शतक जड़ा था, लेकिन अन्य तीन पारियों में वह कुछ खास नहीं कर पाए थे।

# कौन होगा वनडे और टी20 में पाक का अगला कप्तान?

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट के तारे इन दिनों गर्दिश में है। चाहे बात मैदान पर प्रदर्शन की हो, बोर्ड अध्यक्ष या चयनकर्ता की कुर्सी हर जगह फेरबदल का दौर जारी है। खास तौर पर कप्तानी को लेकर इतने बदलाव हो चुके हैं कि कई बार यह बता पाना मुश्किल हो जाता है कि टीम का कप्तान है कौन?

कब कौन कप्तान बन जाए, किसे हटा दिया जाए और कौन वर्कलोड का हवाला देकर पीछे हट जाए बता पाना मुश्किल है। बाबर आजम के दूसरी बार पाकिस्तान की वनडे और टी20 फॉर्मेट की कप्तानी छोड़ने के बाद, अब पाकिस्तानी टीम का यह ड्रामा सुर्खियों में है। इसके बाद से अब यह सवाल उठ रहे हैं कि टी20 और वनडे की कप्तानी कौन संभालेगा?

पाकिस्तान टीम के पास ऑप्शन तो बहुत है लेकिन इस बार मैनेजमेंट किस पर भरोसा करेगा, यह देखना बड़ा दिलचस्प होने वाला है। पाकिस्तानी टीम का प्रदर्शन बीते कुछ महीनों से 'फुस्स पटाखे' की तरह है। उनकी टीम का यह बवाल वनडे विश्व कप 2023 से शुरू हुआ और टी20 विश्व कप 2024 तक जारी रहा। इतना ही नहीं टेस्ट क्रिकेट में भी इनका हाल कुछ ज्यादा बढ़िया नहीं है। इस टीम




**पाकिस्तान क्रिकेट के तारे इन दिनों गर्दिश में है। चाहे बात मैदान पर प्रदर्शन की हो, बोर्ड अध्यक्ष या चयनकर्ता की कुर्सी हर जगह फेरबदल का दौर जारी है। खास तौर पर कप्तानी को लेकर इतने बदलाव हो चुके हैं कि कई बार यह बता पाना मुश्किल हो जाता है कि टीम का कप्तान है कौन?**

को बांग्लादेश ने उनके होम ग्राउंड में चारों खाने चित किया।

शान मसूद की कप्तानी में टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान का हाल बेहद खराब है। हालांकि, गनीमत यह है कि इस कप्तान का बल्ला चल रहा है इसलिए उन पर अभी सवाल नहीं उठ रहे। जबकि यहां भी टीम के मुख्य बल्लेबाज होने के कारण बाबर आजम निशाना बने क्योंकि उनका बल्ला लंबे समय से खामोश है। पहले चुने गए कुछ ऑप्शन और टीम में मौजूद पूर्व कप्तान को हटा दिया जाए तो शादाब खान, फखर जमान, मोहम्मद रिजवान और हारिस रऊफ उन नामों में शामिल है, जो इन दिनों चयनकताओं की नजर में है। हालांकि, अब यह देखना होगा कि पाकिस्तान की टीम मौजूदा हालात पर फोकस करेगी या लॉन्ग टर्म कप्तान को लेकर विचार करेगी।



# मुंबई ने 27 साल का इंतजार खत्म किया, 15वीं बार जीता ईरानी कप

**लखनऊ।** मुंबई ने शनिवार को रेस्ट ऑफ इंडिया के खिलाफ 15वीं बार ईरानी कप जीतकर अपनी विरासत में एक और ऐतिहासिक अध्याय जोड़ दिया। अजिंक्य रहाणे की टीम ने रेस्ट ऑफ इंडिया पर पहली पारी की बढ़त के आधार पर खिताब हासिल किया, जिससे एक ही सीजन में रणजी ट्रॉफी-ईरानी कप की रिकॉर्ड दोहरी जीत पूरी हुई। यह मुकाबला रोमांचक रहा जहां रनों का अंबार लगा। मुंबई की जीत पांच दिवसीय मुकाबले के आखिरी दिन तय हुई, जहां तनुष कोटियन का दूसरी पारी में लगाया गया दूसरा प्रथम श्रेणी शतक निर्णायक साबित हुआ। पहली पारी में 537 रन बनाने के बाद 121 रन की बढ़त के बावजूद, शुक्रवार को मुंबई की टीम 8 विकेट पर 171 रन बनाकर मुश्किल स्थिति में थी, जिसमें ऑफ स्पिनर सारांश जैन ने पूरी टीम को तहस-नहस कर दिया।

पृथ्वी शॉ ने 76 रनों की ठोस पारी खेलकर शुरूआत में मुंबई को मैच में बनाए रखा लेकिन टीम के स्टार बल्लेबाजी क्रम, जिसमें अजिंक्य रहाणे (9), श्रेयस अय्यर (8), सरफराज खान (17) और हार्दिक तमोर (7) शामिल थे, अच्छी शुरूआत को भुनाने में विफल रहे।

**मुंबई की जीत पांच दिवसीय मुकाबले के आखिरी दिन तय हुई**

हालांकि, निचले क्रम के बल्लेबाज के रूप में आए कोटियन ने अपने धैर्य और संयम का परिचय दिया, मोहित अवस्थी के साथ मिलकर नौवें विकेट के लिए 158 रनों की शानदार साझेदारी की, जिसने मुंबई की स्थिति को संभाल लिया। कोटियन के नाबाद 114 रन और अवस्थी के अर्धशतक की बदौलत मुंबई ने अपनी बढ़त को 450 रनों तक बढ़ाया। दूसरे सत्र के अंत में अवस्थी के अर्धशतक के बाद, दोनों टीमों ने हाथ मिलाया और मैच ड्रॉ होने की पुष्टि की, जिसके बाद मुंबई को पहली पारी में बढ़त के आधार पर ईरानी कप का खिताब मिला।

# बेन स्टोक्स पाकिस्तान के खिलाफ इंग्लैंड के पहले टेस्ट से बाहर, ब्रायडन कार्स डेब्यू के लिए तैयार

**मुल्तान।** इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे हैं, इसलिए वह मुल्तान में 7 अक्टूबर से पाकिस्तान के खिलाफ शुरू हो रहे इंग्लैंड के पहले टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं।

स्टोक्स को दो महीने पहले हंड्रेड में खेलते समय हैमस्ट्रिंग की चोट लगी थी, जिसके कारण वह श्रीलंका के खिलाफ इंग्लैंड की 2-1 से सीरीज की जीत से चूक गए थे।

मुल्तान में टीम के साथ ट्रेनिंग करने के बावजूद स्टोक्स पहला टेस्ट नहीं खेलेंगे, जिसका मतलब है कि कार्यवाहक कप्तान ओली पोप टीम की अगुवाई करना जारी रखेंगे।

स्टोक्स ने पत्रकारों से कहा, ₹मैंने इस मैच के लिए खुद को फिट करने की पूरी कोशिश की, लेकिन अभी भी



कुछ कमी है इसलिए मैंने इस मैच को छोड़ने का फैसला किया। मैं मैच के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हो पाया।₹

यह पूछे जाने पर कि क्या वह 15 अक्टूबर से मुल्तान में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए फिट होंगे, स्टोक्स ने इस पर कोई वादा नहीं किया।

उन्होंने कहा, ₹पक्का नहीं है। मैंने मेडिकल टीम के साथ वास्तव में समय पर फिट होने के लिए खुद पर कड़ी मेहनत की है। मुझे लगता है कि हमारी उम्मीद से मैं काफी आगे हूं। मैं अगले 10 दिनों में खुद को दूसरे टेस्ट के लिए फिट करने की कोशिश में और अधिक मेहनत करूंगा।₹

तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स अपना टेस्ट पदार्पण करेंगे और इस साल इंग्लैंड के छठे टेस्ट खिलाड़ी बनेंगे जिसने डेब्यू किया, जबकि तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर क्रिस वोक्स 2016 के बाद से एशिया में सबसे लंबे प्रारूप में अपना पहला मैच खेलने के लिए तैयार हैं।

# पूर्व पाकिस्तानी कप्तान सिदरा नवाज ने कहा, 'मुझे बाबर से ज्यादा विराट पसंद'

**नई दिल्ली।** बाबर आजम या विराट कोहली, कौन है बेस्ट बल्लेबाज? यह सवाल काफी पुराना है लेकिन जब भी इस पर चर्चा होती है तो फैंस के बीच हमेशा जुनून देखने को मिलता है। अब इस सवाल का जवाब पाकिस्तान की पूर्व कप्तान सिदरा नवाज ने दिया है।

सिदरा नवाज ने आईएएनएस से कहा, मुझे दोनों पसंद हैं, लेकिन व्यक्तिगत रूप से मैं विराट कोहली को चुनती हूं।

विराट कोहली ने खेल के इतिहास में शायद सबसे महान बल्लेबाजों में से एक के रूप में अपनी विरासत को मजबूत किया है। आईसीसी इवेंट से लेकर तीनों प्रारूपों में उनका प्रदर्शन सराहनीय है। कोहली का सबसे सफल प्रारूप वनडे रहा है क्योंकि उन्होंने 295



मैचों में 13,906 रन बनाए हैं। अप्रैल 2021 से पहले विराट कोहली ने दुनिया में नंबर एक रैंकिंग वाले वनडे बल्लेबाज के रूप में 1258 दिन बिताए थे। इसके बाद बाबर का यहां कब्जा था लेकिन हाल ही में सफेद गेंद की कप्तानी से हटने वाले पाकिस्तान के बल्लेबाज को 2023 में शुभमन गिल ने पीछे छोड़ दिया था, लेकिन दिसंबर 2023 में उन्होंने अपना स्थान फिर से हासिल कर लिया और अभी भी वनडे लीडरबोर्ड में शीर्ष पर हैं। महिला टी20 विश्व कप पर पूरी दुनिया के क्रिकेट फैंस की नजर है। टूनामेंट में भारत की शुरूआत न्यूजीलैंड के हाथों 58 रन की करारी हार के साथ हुई और अब टीम का लक्ष्य पाकिस्तान के खिलाफ अपने अगले मुकाबले में वापसी करना होगा। दूसरी ओर, पाकिस्तान ने अपने पहले मुकाबले में श्रीलंका पर 31 रन की जीत दर्ज की है।

सिदरा नवाज नवाज का मानना है कि भले ही आंकड़े इस मुकाबले में भारत के पक्ष में हो, लेकिन पाकिस्तान की लय टीम इंडिया को मैच में दबाव में डाल सकती है।

# शंघाई मास्टर्स : सिनर ने डेनियल को हराकर 250 जीत का रिकॉर्ड बनाया

**शंघाई।** विश्व नंबर-1 जानिक सिनर ने अपना दबदबा कायम रखते हुए शंघाई मास्टर्स में जीत के साथ आगाज किया और जापान के तारो डेनियल को 6-1, 6-4 से हराकर इस सत्र में 60 जीत तक पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

साथ ही वो 2000 दशक में जन्मे पहले खिलाड़ी हैं, जिसने करियर में 250 जीत हासिल की।

मैच के बाद 23 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी ने कहा, आज मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा था। मैं शारीरिक रूप से भी अच्छी स्थिति में था, जो मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। बेशक मैं आगे के लिए सुधार करने की कोशिश करूंगा, लेकिन आज मैं वास्तव में बहुत अच्छी सर्विस कर रहा था, खासकर महत्वपूर्ण क्षणों में मैंने अच्छा परफॉर्म किया।

सिनर के प्रदर्शन ने आगे की



चुनौतियों के लिए उनकी तैयारियों को भी उजागर किया, क्योंकि वह पहले से ही अपने शानदार सीजन को और आगे बढ़ाना चाहते हैं।

डेनियल पर अपनी जीत के साथ, सिनर ने इस वर्ष शुरूआती दौर के मैचों में अपना रिकॉर्ड 14-0 कर लिया है और 2024 में उन्होंने जो भी 13 टूनामेंट खेले हैं, उन सभी में क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं।

सिनसिनाटी मास्टर्स 2023 में 66 वें स्थान पर काबिज सर्बियाई डुसन लाजोविच से हारने के बाद से उनके पास शीर्ष 20 से बाहर की रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के खिलाफ 51-0 का शानदार रिकॉर्ड है।

कोर्ट पर सिनर के आत्मविश्वास और कौशल ने उन्हें एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी बना दिया है, और वह एक ही सत्र में 64 जीत के अपने पिछले रिकॉर्ड को पार करने के लिए तैयार हैं। यह रिकॉर्ड पिछले साल स्थापित किया गया था, जो ओपन एरा में किसी इटालियन खिलाड़ी का बनाया गया सर्वाधिक रिकॉर्ड है।

सिनर का अगला मुकाबला 31वीं वरीयता प्राप्त टॉमस मार्टिन एचेवेरी के साथ दूसरे दौर का मुकाबला है, इसके बाद में 14वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन के साथ रीमैच की संभावना है।

पिछले साल, शेल्टन ने शंघाई इवेंट में सिनर को पहली बार हराकर बाहर कर दिया था।

# दिवांशी ने जीता दूसरा स्वर्ण, महिला 25 मीटर स्पर्धा में भारत का क्लीन स्वीप

**नई दिल्ली।** पिस्टल निशानेबाज दिवांशी ने लीमा में चल रही अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) जूनियर विश्व चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल/शॉटगन में महिलाओं की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में दूसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता, जिससे भारत ने इस स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया। जूनियर निशानेबाजों ने दो स्वर्ण सहित पांच और पदक अपने खाते में जोड़े।

सूरज शर्मा ने जूनियर पुरुष स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता, जबकि मुकेश नेलावल्ली, जिनके पास पहले से ही इस प्रतियोगिता में चार स्वर्ण पदक हैं, को इस स्पर्धा में कांस्य पदक मिला।

दिवांशी ने जूनियर महिला स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में 600 में से 564 अंक हासिल किए, जिससे वह टीम की साथी परीशा गुप्ता से आगे रहीं,



जिन्होंने 559 अंक हासिल किए। मानवी जैन के 557 अंक ने इस स्पर्धा में भारत का क्लीन स्वीप सुनिश्चित किया- जो प्रतियोगिता में पहली बार हुआ। भारत ने चौथा स्थान भी प्राप्त किया, क्योंकि शिखा चौधरी ने 554 अंक प्राप्त किए, जिससे वह एस्टोनिया की मार्जा किर्स से एक अंक आगे रहीं।

इसी तरह पुरुष स्पर्धा में सूरज शर्मा ने 571 अंक प्राप्त किए, तथा पोलैंड के इवान राकिस्टस्की से आगे रहे, जिन्होंने 568 अंक प्राप्त कर रजत पदक जीता।

# फील्डिंग कोच मुनीष बाली ने भारतीय टीम से कहा, 'पाकिस्तान के खिलाफ कमबैक करने पर करो फोकस'

**नई दिल्ली।** महिला टी20 विश्व कप 2024 का आगाज भारत के लिए अच्छा नहीं रहा और उन्हें शुक्रवार को दुबई में न्यूजीलैंड से 58 रन से हार झेलनी पड़ी। यह हार, एक चुनौतीपूर्ण ग्रुप में भारत की सेमीफाइनल की उम्मीदों के लिए एक बड़ा झटका था।

यह हार हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन सकती है। फील्डिंग और बल्लेबाजी में टीम इंडिया का प्रदर्शन औसत से भी नीचे रहा।

हालांकि, फील्डिंग कोच मुनीष बाली ने टीम का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने खिलाड़ियों से सकारात्मक रहने और अपने अगले मैच में पाकिस्तान के खिलाफ वापसी पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।

जेमिमा रोड्रिग्स को मैदान पर उनकी शानदार फील्डिंग के लिए पदक से सम्मानित किया गया, यह महिला और पुरुष दोनों टीमों में एक ट्रेंड बन चुका है। इस दौरान बाली ने कठिन



परिस्थितियों में उनके और कई अन्य खिलाड़ियों के प्रयासों की प्रशंसा की।

बीसीसीआई डॉट टीवी पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में बाली ने कहा, ₹लड़कियों, किस्मत का साथ नहीं मिला। मुझे पता है कि यह वह शुरूआत नहीं थी जो हम चाहते थे, लेकिन हम वापसी करेंगे। जिस तरह से हमने फील्डिंग की, अगर हम छठे ओवर में वो दो गलतियां नहीं करते, तो हम मैच में वापस आ सकते हैं। शाबाश !₹

भारत की फील्डिंग की शुरूआत तब खराब रही जब विकेटकीपर ऋचा घोष ने छठे ओवर में न्यूजीलैंड की ओपनर सूजी बेट्स का आसान कैच छोड़ दिया। लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स, स्मृति मंधाना, पूजा वस्त्रकर और श्रेयंका पाटिल ने कई महत्वपूर्ण रन बचाए। बाली ने इन खिलाड़ियों के प्रयासों, मंधाना-पाटिल के शानदार कैच और वस्त्रकर के डाइविंग स्टॉप की तारीफ की।

इस हार के साथ, भारत को रविवार 6 अक्टूबर को होने वाले अपने अगले मैच से दबाव का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि एशियाई चैंपियन श्रीलंका पर आत्मविश्वास बढ़ाने वाली जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी पाकिस्तान टीम से उनकी टक्कर है।

# एविन लुईस और ब्रैंडन किंग वेस्टइंडीज के लिए लौटे रसेल, पूरन, हेटमायर ने टी20 टीम से बाहर रहना चुना

**सेंट जोंस (एंटीगा)।** आंद्रे रसेल, निकोलस पूरन, शिमरोन हेटमायर और अकील होसेन ने व्यक्तिगत कारणों से बाहर होने का विकल्प चुना है, क्योंकि वेस्टइंडीज ने श्रीलंका के खिलाफ आगामी तीन मैचों की सफेद गेंद श्रृंखला के लिए एक नई टी20 टीम की घोषणा की है। उनकी अनुपस्थिति में, टीम दांबुला में तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में नई प्रतिभाओं और वापसी करने वाले चेहरों को आजमाएगी, जो टीम की गहराई और बहुमुखी प्रतिभा का आकलन करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है।

सबसे उल्लेखनीय वापसी में से एक सलामी बल्लेबाज एविन लुईस की है, जिन्होंने आखिरी बार 2022 में टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व किया था। उनकी वापसी बल्लेबाज के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिन्हें श्रीलंका दौरे के लिए एकदिवसीय टीम



में भी शामिल किया गया है।

लुईस के साथ ब्रैंडन किंग भी शामिल होंगे, जो एक और वापसी करने वाले खिलाड़ी हैं, जो साइड इंजरी से उबर चुके हैं, जिसकी वजह से वे टी20 विश्व कप और 2024 कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) से बाहर हो गए थे।

रसेल और अन्य वरिष्ठ खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में, वेस्टइंडीज ने दो नए चेहरों को बुलाया है: ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के ऑलराउंडर टेरेंस हिंड्स और एंटीगा और बारबुडा फाल्कन्स के शमर स्प्रिंगर। दोनों खिलाड़ियों ने 2024 सीपीएल सीजन के दौरान प्रभावित किया, जिसमें हिंड्स ने टीकेआर के लिए डेथ बॉलर के रूप में शानदार प्रदर्शन किया और स्प्रिंगर स्पिनर के दबदबे वाले टूनामेंट में फाल्कन्स के शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में उभरे।

स्प्रिंगर की धीमी-गेंद की विविधता और लगातार प्रदर्शन ने उन्हें एक अलग पहचान दिलाई, और उनसे श्रीलंका की धीमी पिचों पर एक मूल्यवान संपत्ति बनने की उम्मीद है। रोवमैन पॉवेल टी20 टीम की कप्तानी जारी रखेंगे, जबकि रोस्टन चेस उनके डिप्टी होंगे। चेस, जिन्होंने हाल ही में वेस्टइंडीज के साथ एक केंद्रीय अनुबंध हासिल किया है, अनुभव और बहुमुखी प्रतिभा लाते हैं, विशेष रूप से स्पिन विभाग में, जहां वे फ्रंटलाइन स्पिनर गुडाकेश मोती का समर्थन करेंगे। बाएं हाथ के फिंगर स्पिनर मोती टीम के प्राथमिक स्पिन विकल्प होंगे, लेकिन चेस और अन्य ऑलराउंडरों को भी श्रीलंका की परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए बुलाया जाएगा।

कोच डेरेन सैमी, जो अब सिस्टम में बदलाव के बाद चयन पैनल का नेतृत्व करते हैं, ने प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बावजूद टीम पर भरोसा जताया। सैमी ने क्रिकेट वेस्टइंडीज के एक बयान में कहा, श्रीलंका का दौरा हमें अपनी गहराई का परीक्षण करने और विभिन्न परिस्थितियों में खिलाड़ियों का आकलन करने का मौका देता है।

# डीजीपी ट्रांस हिंडन की टीम ने खोला केस
## 32 मोबाइल, लैपटॉप के साथ आरोपी अरेस्ट





### एसीपी और एसओ कर रहे थे मामले की देखरेख
पुलिस ने जब आरोपी साजिद से पूछताछ की तो पता चला कि साजिद लुटेरों और छिनैती करने वाले बदमाशों के संपर्क में था। उनसे लूट या छिनैती का सामान खरीद लिया करता था। इस सामान को वह साप्ताहिक बाजार में या पार्क में अपनी मजबूरी बताकर लोगों को बेच दिया करता था। पुलिस ने इसके कब्जे से अलग-अलग कंपनी के 32 मोबाइल फोन एक लैपटॉप और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के ट्रांस हिंडन क्षेत्र के थाना टीला मोड़ के पास से पुलिस ने एक शातिर को पकड़ लिया। आरोपी छिनैती करने वाले और लुटेरों के गैंग से लूटा गया सामान खरीद कर साप्ताहिक बाजार में बेच देता था। पुलिस ने इसके कब्जे से 32 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

गाजियाबाद में ट्रांस हिंडन डीसीपी निमिष पाटिल ने बताया की थाना टीला मोड़ पुलिस को सूचना मिली थी कि एक शातिर अपराधी लूट और छिनैती का सामान साप्ताहिक बाजार और पार्क में लोगों को अपनी मजबूरी बताकर बेच रहा है। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी की। पुलिस ने साजिद उर्फ सज्जू पुत्र मेहरबान निवासी तुलसी निकेतन थाना टीला मोड को गिरफ्तार कर लिया।

# डीएम ने किया कार्तिक पूर्णिमा मेले स्थल का निरीक्षण
## बोलीं- मेला स्थल समतल हो, जाम और सुरक्षा को लेकर एसपी ने दिए निर्देश

- नगर पालिका को पानी और शौचालय जैसी जरूरी सुविधाओं को सही तरीके से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों को लेकर पुलिस और प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है। डीएम प्रेरणा शर्मा ने अफसरों के साथ गढ़ गंगा के कच्चा घाट क्षेत्र का निरीक्षण किया। मेले की व्यवस्था को लेकर जरूरी निर्देश दिए।

डीएम ने पीडब्लूडी, नगर पालिका और अन्य अधिकारियों को निर्देश दिया कि मेले का स्थल साफ-सुथरा और समतल होना चाहिए।

उन्होंने बिजली विभाग को कहा कि पूरे मेले में पर्याप्त रोशनी होनी चाहिए। कहीं भी अंधेरा या बिजली के कटे हुए तार न हों। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, बिजली विभाग को हर तरह के सावधानीपूर्ण इंतजाम करने के निर्देश दिए गए।

नगर पालिका को पानी और शौचालय जैसी जरूरी सुविधाओं को सही तरीके से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान विधायक हरेंद्र तेवतिया, जिला पंचायत अध्यक्षा रेखा नागर, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, एसडीएम साक्षी शर्मा और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### एम्बुलेंस की पूरी व्यवस्था होनी चाहिए
पुलिस अधिकारियों से बात करते हुए डीएम ने कहा कि सुरक्षा और यातायात की पूरी योजना बनाई जाए। ताकि जाम या भगदड़ जैसी समस्याएं न हों। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि मेले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं और एम्बुलेंस की पूरी व्यवस्था होनी चाहिए।

# श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी संजय नगर में लक्ष्मण परशुराम संवाद का किया गया मर्मस्पर्शी मंचन
## मंच पर बालकिशन गुप्ता सहित व्यापारी नेताओं का अभिनंदन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी संजय नगर में शनिवार को धनुष यज्ञ लक्ष्मण परशुराम संवाद का बड़ा ही मर्मस्पर्शी मंचन किया गया। संजय नगर रामलीला मैदान में पहुंचे अपार श्रद्धालुओं ने लक्ष्मण परशुराम संवाद का आनंद लिया और श्री राम के शील स्वभाव को आत्मसार किया।



श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी के संयोजक मोहन सिंह रावत, अशोक चांदीवाल, मंच संचालक प्रदीप चौधरी तथा कमेटी के समस्त राम भक्तों ने लीला मंचन के दौरान मंच पर पहुंचे व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष रेलवे बोर्ड सदस्य भारत सरकार बालकिशन गुप्ता, मेरठ मंडल के अध्यक्ष अजय सिंघल, सौरभ यादव, लवलेश लवी गर्ग, पंडित अशोक भारतीय का गर्मजोशी से स्वागत व अभिनंदन किया गया। बालकिशन गुप्ता ने श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी के सभी पदाधिकारी सदस्यों को शानदार आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# डेल्टा कॉलोनी को मिले पीसीआर वैन क्षेत्र की सुरक्षा होगी चुस्त : अनमोल खन्ना



**भाजपा नेता अनमोल खन्ना ने अपर मुख्य सचिव गृह विभाग उत्तर प्रदेश शासन पत्र के माध्यम से जानकारी दी है कि गाज़ियाबाद जिले के थाना लिंक रोड के अंतर्गत आने वाली पांच प्रमुख कॉलोनियों सूर्य नगर, चंदर नगर, रामपुरी, रामप्रस्थ और ब्रिज विहार की सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान देना बहुत जरूरी।**

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** प्रदेश में बढ़ते अपराध को रोकने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पुलिस बल के साथ संसाधन बढ़ाने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। इस दिशा में पुलिस को गश्त करने के लिए इनोवा कार सौंपी है। इनोवा मिलने के बाद शहर में सुरक्षा व्यवस्था काफी चुस्त दुरुस्त होगी। इस को लेकर भाजपा नेता अनमोल खन्ना ने अपर मुख्य सचिव गृह विभाग उत्तर प्रदेश शासन पत्र के माध्यम से जानकारी दी है कि गाज़ियाबाद जिले के थाना लिंक रोड के अंतर्गत आने वाली पांच प्रमुख कॉलोनियों सूर्य नगर, चंदर नगर, रामपुरी, रामप्रस्था और ब्रिज विहार की सुरक्षा व्यवस्था की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। यह क्षेत्र प्रदेश की राजधानी दिल्ली से सटा हुआ है, और यहां की अधिकांश आबादी सरकारी सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों, व्यापारियों और प्रतिष्ठित नागरिकों की है।

इन सभी 5 कॉलोनियों का थाना क्षेत्र लिंक रोड थाने के अंतर्गत आता है, और लिंक रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत 5 पुलिस चौकियां आती हैं, जिनमें से 2 मुख्य चौकियां इन 5 कॉलोनियों की सुरक्षा का भार संभालती हैं। सूर्य नगर और अन्य कॉलोनियों की कुल आबादी लगभग 40,000 है। इन कॉलोनियों में 8 प्रमुख विद्यालय स्थित हैं, और प्रत्येक विद्यालय में लगभग 2500 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसके साथ ही, 10 सरकारी और निजी बैंक भी यहां स्थित हैं, और सभी समाज के विभिन्न धार्मिक स्थलों को मिलाकर 15 बड़े-छोटे धार्मिक स्थल हैं। सुरक्षा की दृष्टि से यह क्षेत्र बहुत पिछड़ा हुआ है। दोनों चौकियों के पास न तो प्रशासन द्वारा प्रदान की गई समर्पित पीसीआर वैन है और न ही पर्याप्त गश्त वाहन। वर्तमान में, सुरक्षा व्यवस्था केवल 4 मोटरसाइकिलों के सहारे चल रही है। जिस पर लगभग 40 हजार लोगों की सुरक्षा और उपरोक्त उल्लेखित सार्वजनिक स्थलों की व्यवस्था की जाए। भाजपा नेता अनमोल खन्ना के कहा कि आए दिन लूट, डकैती, चेन स्नैचिंग और अन्य अपराध की घटनाएं हो रही हैं। इस कारण अपराध दर में लगातार वृद्धि हो रही है, जो क्षेत्र के निवासियों के लिए चिंता का विषय बन चुकी है। कमिश्नरेट बनने के बावजूद, इन कॉलोनियों में पीसीआर वैन की व्यवस्था नहीं है।




# किसने ली पिस्टल के संग एंट्री



पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में बीते दो दिनों से एक मामला लखनऊ से लेकर दिल्ली तक छाया हुआ है। मामला बेहद संवेदनशील होने की वजह से पुलिस के अधिकारी से लेकर कई स्तर के अधिकारी अलर्ट मोड पर आ गए हैं। शनिवार को इतना सब अलर्टनेस होने के बावजूद भी पुलिस के सूत्रों से ऐसी तस्वीर और जानकारी मिली है जो चौंकाने और हैरान करने वाली है। सूत्रों ने बताया है कि जिस स्थान पर हमले को लेकर अफवाह फैलाई गई और फिर वहां सुरक्षा का बड़ा घेरा बनाया गया, उस घेरे में शनिवार को एक ऐसा व्यक्ति अपने निजी हथियार के साथ एंट्री कर लेता है जहां गेट से घुसने वालों के आधार कार्ड न होने पर उन्हें प्रवेश नहीं दिया जाता है। बताया जा रहा है कि व्यक्ति प्राइवेट आदमी था और इसकी यहां एंट्री भी नहीं हुई थी, उसके बावजूद वह प्रवेश पा लेता है और उसके पास निजी हथियार भी होता है। तस्वीर बता रही है कि लापरवाही तो किसी न किसी स्तर पर हुई है पर अभी इसको लेकर संज्ञान कौन लेगा यह देखना शेष है। बताया जा रहा है कि जहां रात से लेकर सुबह तक और सुबह से लेकर रात तक कई आईपीएस अधिकारी कई जोन के पुलिस बल और पीएसी की मौजूदगी रही हो सुरक्षा को लेकर तमाम तरह के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया हो। वहां पर यह मामला कम हैरान करने वाला नहीं है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि शनिवार को देहात वाले जोन के इस सर्किल में उन अधिकारियों की भी मौजूदगी देखी गई है जो अधिकांश जगह नजर नहीं आते हैं। इसके साथ ही सुरक्षा का दावा और जानकारियां आती हैं पर यहां मेटल डोर फ्रेम डिटेक्टर तक भी नजर नहीं आया है। जिस गेट की सुरक्षा ट्रिपल लेयर होनी चाहिए, वहां पर इस तरीके की लापरवाही बड़ा मामला करवा सकती है। वैसे भी पूर्व में यहां कई भगवाधारण करने वालों पर हमले और मुकदमे लिखे गए हैं। उसके बावजूद एक निजी व्यक्ति की मुख्य गेट और अधिकारियों के पास तक एंट्री सिस्टम पर सवाल उठा रही है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि व्यवस्था को सुधारने के लिए हो सकता है, आने वाले दिनों में कुछ परिवर्तन और बदलाव वाले संकेत मिल जाए। वहीं सूत्रों ने यह भी जानकारी दी है कि रात को जिस तरीके से माहौल बदला था, उसके बाद कमिश्नरेट के उन सभी भरोसेमंद अधिकारियों की इस क्षेत्र में ड्यूटी लगाई गई जो कमिश्नरेट के टॉप एसीपी की लिस्ट में शामिल रहते हैं और उनकी वर्किंग और अपराध नियंत्रण को लेकर बैटिंग का स्ट्राइक रेट हाई रहता है। कुल मिलाकर बड़ा सवाल और जांच का विषय यह है की पिस्टल के संग एंट्री लेने वाले पर क्या कार्रवाई और लापरवाही करने वालों पर क्या एक्शन होगा। यह देखा जाना अभी शेष है।

# सपा ने गाजियाबाद में उपचुनाव को लेकर किया विशेष बैठक का आयोजन






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शनिवार को को समाजवादी पार्टी गाजियाबाद ने गाजियाबाद विधानसभा के होने वाले उपचुनाव को लेकर एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश अनुसार प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल जी द्वारा निकुयत प्रभारी गण पूर्व राज्यसभा सांसद आलोक तिवारी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अनुराग भदौरिया, प्रदेश सचिव बाबू सिंह आर्य, महानगर अध्यक्ष एडवोकेट वीरेंद्र यादव, जिला अध्यक्ष एडवोकेट फैसल हुसैन द्वारा बैठक को संबोधित किया गया। अनुराग भदौरिया द्वारा अपने वक्तव्य से कारकर्तो में जोश भर दिया, बैठक में बड़ी संख्या में नेता पदाधिकारी व



कार्यकताओं ने भाग लिया। सभी ने गाजियाबाद विधान सभा उपचुनाव में गठबंधन प्रतियाशिषी को एक जुट हो कर जिताने का संकल्प लिया। बैठक में सेक्टर प्रवेशको द्वारा सेक्टरों और जोन की सौंपी गई समीक्षा रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की गई। गाजियाबाद विधानसभा का चुनाव किस प्रकार लड़ा जाए बैठक में उसकी रणनीति तैयार की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोनी के पूर्व विधायक हाजी जाकिर, राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति, प्रदेश सचिव धर्मवीर डबास, पूर्व प्रत्याशी विशाल वर्मा, महावीर सरपंच उपस्थित रहे। बैठक में जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन महानगर अध्यक्ष सुरेंद्र यादव जिला महासचिव नितिन त्यागी महानगर महासचिव राजन कश्यप, प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग प्रदेश एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दयाल पब्लिक स्कूल में वेस्ट मैटीरियल से सजावट सामग्री निर्माण का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दयाल पब्लिक स्कूल निरंकारी कालोनी विजय नगर गाजियाबाद में वेस्ट मैटीरियल से स्वचालित मॉडल व सजावट की वस्तुओं को बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें कक्षा 6 से 8 के बच्चो ने वेस्ट मैटीरियल का उपयोग करके सजावट का सामान बनाया और अपनी प्रतिभा को उजागर किया।

इस अवसर पर सरदार दामोदर सिंह जग्गी प्रबंधक व प्रधानाचार्य सतविंदर कौर, उप प्रधानाचार्य दीपिंदर कौर ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया।

# आरडब्ल्यूए राजनगर के अध्यक्ष पद के लिए मेघना बंसल ने नामांकन किया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर के आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष पद के लिए शनिवार को मेघना बंसल ने अपने समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया। सेक्टर चार के कम्यूनिटी सेण्टर में चुनाव अधिकारी आरके जैन के सामने नामांकन करते हुए मेघना बंसल ने घोषणा करते हुए कहा कि जीतने के बाद राजनगर को एक आदर्श के रूप में स्थापित किया जाएगा।

# हापुड़ में 20 खाद्य पदार्थों में मिलावट: एडीएम की अदालत ने लगाया 4.66 लाख का जुर्माना, 6 नमूने जांच के लिए भेजे

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में त्योहारी सीजन के दौरान खाद्य पदार्थों की जांच में 20 नमूने फेल पाए गए, जिसमें घी, दूध, पनीर, सरसों का तेल और बूंदी के लड्डू शामिल हैं। एडीएम संदीप कुमार की कोर्ट ने सुनवाई के बाद दोषियों पर 4.66 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि मिलावटखोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

हापुड़ में त्योहारी सीजन के बीच खाद्य पदार्थों की शुद्धता पर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रशासन द्वारा जांच के लिए भेजे गए 20 खाद्य पदार्थों के नमूने मिलावट के कारण फेल हो गए हैं। इसमें घी, दूध, पनीर, बूंदी के लड्डू, बेसन, चीनी और सरसों का तेल शामिल हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की इस कार्रवाई के बाद कई प्रतिष्ठानों और व्यक्तियों पर 4.66 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### कौन-कौन से नमूने फेल हुए

ग्राम कस्तला कासमाबाद में सुभाष के यहां से लिए गए पनीर के नमूने में मिलावट पाई गई, जिस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वहीं, दिल्ली रोड पर आईटीआई के पास गोयल इंडस्ट्रीज के कच्ची घानी सरसों के तेल में मिलावट मिलने पर 50 हजार का जुर्माना लगाया गया।



गढ़ चौक नवीन मंडी स्थित देवेंद्र टी स्टॉल से मिश्रित दूध का नमूना फेल होने पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। ग्राम सौलाना में सतीश कुमार के खोया का नमूना फेल पाया गया, जिस पर 25 हजार रुपये का जुर्माना हुआ। आकाशदीप स्वीट्स गढ़ चौपला के अजय कुमार पर खोया के नमूने और सफेद छैना रसगुल्ला फेल होने पर कुल 40 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

इसके अलावा, पिलखुवा के गोयल स्वीट्स से लिए गए बूंदी के लड्डू का नमूना फेल होने पर हरिओम पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

बाइक पर दूध सप्लाई करने वाले मनोज कुमार पर 20 हजार और ग्राम घुंघराला के मोहम्मद अली पर 25 हजार का जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही, ग्राम बड़ौदा सिहानी के मोहम्मद कैफ और ग्राम अमीपुर के गोलू त्यागी पर भी 25-25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

सहायक आयुक्त द्वितीय महेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मिलावट का खेल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खुले में कुट्टू और सिंघाड़े के आटे की बिक्री पर रोक है, और इसका उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### खुले में कुट्टू और सिंघाड़े के आटे की बिक्री पर कार्रवाई
खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने कुट्टू और सिंघाड़े के आटे की खुले में बिक्री पर छापेमारी की। इस दौरान छह नमूने लिए गए, जिनमें से सनराइज मल्टी स्टोर फ्री गंज रोड से कुट्टू के आटे और गिरी का नमूना लिया गया। टीम ने मौके पर ही नौ किलो कुट्टू का आटा जब्त किया।

# दिल्ली-मेरठ मार्ग पर चलते ऑटो में लगी आग: मौके पर मची अफरा-तफरी, सीएनजी गैस लीकेज होने पर हुआ हादसा



**मोदीनगर करंट क्राइम।** गाजियाबाद के मोदीनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर टीआरएम स्कूल के सामने चलते ऑटो में अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आकर ऑटो जलकर राख हो गई। राहगीरों ने आग पर किसी तरह काबू पा लिया। गांव बिसोखर निवासी इख्तकार ऑटो चलाकर परिवार का लालन पालन करते हैं।मोदीनगर गाजियाबाद रूट पर वह आटो चलाते हैं। कई दिनों से उनका ऑटो खराब चल रहा था। ऑटो के सीएनजी गैंस का सिलेंडर लीकेज कर रहा था।

तीन बजे के आसपास वह ऑटो को मिस्त्री के पास ले जा रहे था। जब वह दिल्ली-मेरठ मार्ग पर टीआरएम पब्लिक स्कूल के सामने पहुंचे, तो अचानक उनके ऑटो में आग लग गई। आग लगते ही चालक ने ऑटो को साइड में लगा दिया। देखते ही देखते आग पर विकराल रुप धारण कर लिया। कुछ ही मिनटों में ऑटो जलकर राख हो गया।

आग लगने से दिल्ली-मेरठ मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राहगीरों और आसपास के दुकानदारों ने अग्निशमन यंत्रों से आग पर काबू पा लिया। फिलहाल आग से कोई हताहत नहीं हुआ है।

# जिस जगह जानलेवा हमला हुआ, उसी जगह फिर से रैली करेंगे डोनाल्ड ट्रंप, एलन मस्क भी रहेंगे मौजूद

**वॉशिंगटन ।** शनिवार को डोनाल्ड ट्रंप फिर से एक बार उसी जगह पर रैली करने जा रहे हैं, जहां पर जुलाई में उन पर जानलेवा हमला हुआ था। अपनी सुरक्षा चिंताओं को दरकिनार करते हुए ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया में रैली को संबोधित करने का वादा किया और कहा कि यह उनका दायित्व है। ट्रंप ने पेंसिल्वेलिया के बटलर में रैली को लेकर मजाक करते हुए कहा कि वह वहीं से शुरू करेंगे, जहां पिछली बार उनकी बात अधूरी रह गई थी।



**पेंसिल्वेनिया की रैली के जरिए सुर्खियां बटोरने की कोशिश :** पेंसिल्वेनिया की रैली में ट्रंप के साथ ओहायो के सीनेटर और उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जेडी वेंस और अरबपति कारोबारी एलन मस्क भी मौजूद रहेंगे। विभिन्न चुनावी सर्वे में डोनाल्ड ट्रंप, लोकप्रियता के मामले में डेमोक्रेट पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस के सामने पिछड़ रहे हैं। ऐसे में जब राष्ट्रपति चुनाव में एक महीने का ही समय बचा है तो ट्रंप पेंसिल्वेनिया की रैली को एक बड़ा इवेंट बनाकर सुर्खियां बटोरने की कोशिश कर सकते हैं।

ट्रंप की पेंसिल्वेनिया की रैली में दस हजार से ज्यादा लोग शामिल हो सकते हैं। ट्रंप की रैली के चलते पेंसिल्वेनिया में होटल, मोटल आदि कथित तौर पर भरे हुए हैं और कुछ उत्साही समर्थक शुक्रवार को ही रैली स्थल पर पहुंच गए।

**जुलाई के हमले में मारे गए फायर फाइटर को करेंगे याद :** ट्रम्प के चुनाव अभियान की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने कहा, 'ट्रम्प उस दुखद दिन के पीड़ितों को सम्मानित करने के लिए बटलर, पेंसिल्वेनिया लौटने के लिए उत्सुक हैं। बटलर लौटने में राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ पेंसिल्वेनिया के लोगों की इच्छा अमेरिकी लोगों की ताकत और जुझारूपन का प्रतिनिधित्व करती है।' ट्रम्प 13 जुलाई की रैली में मारे गए फायर फाइटर कोरी कॉम्पेरेटोरे को याद करेंगे और हमले में घायल हुए दो अन्य लोगों डेविड डच और जेम्स कोपेनहेवर को सम्मानित भी करेंगे।

उल्लेखनीय है कि 13 जुलाई को पेंसिल्वेनिया के बटलर में बेथेल पार्क में ट्रंप की रैली के दौरान 20 साल के हमलावर थॉमस मैथ्यू क्रुक्स ने छत से ट्रंप को निशाना बनाते हुए गोली चलाई थी, लेकिन ट्रंप इस जानलेवा हमले में बाल-बाल बच गए थे और गोली उनके कान को छूते हुए निकली थी। इसके बाद ट्रंप की सुरक्षा में तैनात सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स ने ट्रंप के हमलावर को मौके पर ही ढेर कर दिया था।

# यूरोपीय संघ चीनी निर्मित इलेक्ट्रिक वाहनों पर नए टैरिफ लगाने पर देगा जोर, जर्मनी ने इसे किया अस्वीकार

**नई दिल्ली ।** (यूरोपीय संघ) के कार्यकारी ने शुक्रवार को कहा कि यूरोपीय संघ चीन निर्मित इलेक्ट्रिक वाहनों पर भारी शुल्क लगाने पर जोर देगा। जबकि यूरोपीय संघ की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी ने इसे अस्वीकार कर दिया है। जिससे बीजिंग के साथ एक दशक में सबसे बड़े व्यापार विवाद पर दरार उजागर हो गई है।

चीन में निर्मित ईवी पर 45 प्रतिशत तक के प्रस्तावित शुल्क से कार निमार्ताओं को ब्लॉक में कारें लाने के लिए अरबों डॉलर का अतिरिक्त खर्च आएगा। और इसे अगले महीने से पांच साल के लिए लागू किया जाना है।

ब्लॉक की व्यापार नीति की देखरेख करने वाले ईयू ने कहा है कि वे एक साल की सब्सिडी विरोधी जांच के बाद अनुचित चीनी सब्सिडी के रूप में जो देखते हैं उसका मुकाबला करेंगे।



लेकिन शुक्रवार को उन्होंने यह भी कहा कि वे बीजिंग के साथ बातचीत जारी रखेंगे।

एक संभावित समझौता न्यूनतम बिक्री मूल्य निर्धारित करना हो सकता है।

यूरोपीय संघ के सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार को एक निर्णायक मतदान में, 10 यूरोपीय संघ के सदस्यों ने टैरिफ का समर्थन किया और पांच ने इसके खिलाफ मतदान किया, जबकि 12 ने मतदान में भाग नहीं लिया।

प्रस्ताव को रोकने के लिए 15 यूरोपीय संघ के सदस्यों के योग्य बहुमत से विरोध की जरूरत होती। जो यूरोपीय संघ की 65 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फ्रांस, इटली और पोलैंड के पक्ष में पारित होने की संभावना है।

सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि क्षेत्र की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और प्रमुख कार निमार्ता जर्मनी ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया।

यूरोपीय संघ के कार्यकारी ने कहा कि उसने टैरिफ को अपनाने के लिए ₹जरूरी समर्थन₹ हासिल कर लिया है। हालांकि वह वैकल्पिक समाधान खोजने के लिए बीजिंग के साथ बातचीत जारी रखेगा।

रोडियम ग्रुप के वरिष्ठ सलाहकार नोआ बार्किन ने कहा कि जर्मनी और चीन के तीव्र दबाव के बाद आयोग के लिए यह एक बड़ी जीत है। और इससे वार्ता में ब्रुसेल्स की स्थिति मजबूत हुई है। हालांकि समझौते की संभावना बहुत कम है।

उन्होंने कहा, ₹जोखिम यह है कि बीजिंग को इन शुल्कों के जवाब में अपने जवाबी कदम उठाने की आवश्यकता महसूस होगी। जिससे वार्ता के जरिए समाधान की संभावना खत्म हो जाएगी।₹

शुक्रवार के हुए मतदान में चीन के साथ यूरोपीय संघ के वाणिज्यिक संबंधों पर मतभेद जाहिर हो गए। कुछ राष्ट्र अत्यधिक सरकारी सब्सिडी के खिलाफ सख्त रुख अपनाना चाहते हैं। और एक दशक पहले चीनी सौर पैनलों पर टैरिफ लगाने में यूरोपीय संघ की विफलता को ध्यान में रखते हैं। यूरोपीय संघ के फोटोवोल्टिक बाजार में चीन की हिस्सेदारी 90 प्रतिशत से ज्यादा है।

अन्य देश चीनी निवेश को प्रोत्साहित करना चाहते हैं या फिर व्यापार युद्ध की आशंका जताते हैं।

# इस्राइली हवाई हमलों से बेरुत में फिर मची तबाही
## लेबनान-सीरिया को जोड़ने वाला मुख्य रास्ता कटा

**बेरुत ।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच इस्राइल ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को बेरुत के दक्षिणी उपनगरों को निशाना बनाया। यहां इस्राइल ने आतंकवादी समूह हिजबुल्ला के केंद्रीय खुफिया मुख्यालय पर हवाई हमला किया। बमबारी के चलते लेबनान और सीरिया के बीच मुख्य रास्ता कट गया, जिसके चलते हमले से बचने के लिए भाग रहे लोग लेबनान की सीमा पार नहीं कर पाए।

लेबनान की राजधानी बेरुत के दक्षिणी उपनगरों में रातभर हुए विस्फोटों के चलते कई किलोमीटर तक इमारतें हिल गईं। साथ ही आकाश में धुएं का गुबार और आग की लपटें उठती दिखाई दीं। आसमान से होती



बमबारी के चलते दहियाह पड़ोस में कम से कम एक इमारत जमींदोज हो गई और कारें जल गईं।

इस दौरान लोग बमबारी से बचने के लिए मलबे से पटी सड़कों पर छिपने के लिए भागते नजर आए। इस्राइली सेना ने बेरुत में हमलों की जानकारी दी। सेना का कहना है कि उसने आधी रात के आसपास हिजबुल्ला के केंद्रीय खुफिया मुख्यालय को निशाना बनाया था। दावा किया कि इस्राइली सेना ने पिछले 24 घंटों में 100 हिजबुल्ला लड़ाकों को मार गिराया है। हालांकि, इस्राइली सेना ने ये नहीं बताया कि बेरुत पर किए गए ताजा हमले में उसने किसे निशाना बनाया था ।

और हमले के दौरान कोई आतंकी मारा गया या नहीं। लेबनान की सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी के मुताबिक, बेरुत में अब तक लगातार 10 से अधिक हवाई हमले किए गए हैं। इन हमलों में हिजबुल्ला लड़ाकों और नागरिकों सहित लगभग 1400 लेबनानी मारे गए हैं।

इसके अलावा, लगभग 12 लाख लोग बेघर हो चुके हैं। इस बीच, इस्राइली सेना ने कहा कि हिजबुल्ला ने शुक्रवार को इस्राइल में लगभग 100 रॉकेट लॉन्च किए। इस्राइली सेना ने यह भी बताया कि एक दिन पहले बेरुत में एक हमले में हिजबुल्ला के संचार प्रभाग के प्रमुख मोहम्मद राशिद स्केफी की मौत हो गई थी। स्केफी एक वरिष्ठ हिजबुल्ला आतंकवादी था और उच्च हिजबुल्ला अधिकारियों के साथ उसके घनिष्ठ संबंध थे।

इधर, गाजा में भी आतंकवादियों ने इस्राइली क्षेत्र में दो रॉकेट दागे। इस्राइली सेना ने बताया कि एक रॉकेट को इस्राइल की आयरन डोम मिसाइल रक्षा प्रणाली ने रोक लिया । और दूसरा गाजा की सीमा के पार किबुत्ज के पास एक खुले क्षेत्र में गिर गया।इस्राइली हवाई हमलों से बेरुत में फिर मची तबाही, लेबनान-सीरिया को जोड़ने वाला मुख्य रास्ता कट पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच इस्राइल ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को बेरुत के दक्षिणी उपनगरों को निशाना बनाया।

# आर्थिक संकट से घिरे श्रीलंका को राहत
## नई सरकार ने ऋण पुनर्गठन समझौते पर हस्ताक्षर किए

**कोलंबो ।** श्रीलंका सरकार ने अपने सरकारी प्रतिभूति (रङ्क्षपीर्थ्रेल्ल इङ्क्षल्लॉङ्क्ष'ीि१२) धारकों के साथ लंबे समय से लंबित ऋण पुनर्गठन समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं, जो आर्थिक संकट से जूझ रहे द्वीप राष्ट्र के लिए एक बड़ी राहत है। शुक्रवार को श्रीलंका के वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उन्होंने 19 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय सॉवरेन बॉन्ड (आईएसबी) के अपने अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय धारकों के प्रतिनिधियों के साथ एक समझौता किया है।

एनपीपी की सरकार ने आईएमएफ प्रतिनिधियों के साथ की बातचीत

श्रीलंकाई अधिकारियों ने 'श्रीलंका की आधिकारिक ऋणदाता समिति (ओसीसी) और आईएमएफ



(अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष) के साथ बातचीत पूरी कर ली है।

यह घोषणा तब की गई जब राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के नेतृत्व वाली नई नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) सरकार ने गुरुवार और शुक्रवार को कोलंबो में आईएमएफ प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई बातचीत के दौरान समझौते को स्वीकार करने की इच्छा व्यक्त की।

**दिसानायके ने आईएमएफ की शर्तों को बताया था कठोर :** दो दिनों की बातचीत के दौरान दिसानायके ने आईएमएफ की कुछ कठोर शर्तों को आसान करने की मांग को दोहराया। गौरतलब है कि मार्च 2023 में पूर्व की रानिल विक्रमासिंघे सरकार ने आईएमएफ के साथ ऋण पुनर्गठन समझौते के तहत 2.9 अरब डॉलर हासिल किए थे।

# यमन में अमेरिकी सेना की कार्रवाई, हूती के 15 ठिकानों पर हमला
## कहा- आक्रामक तेवरों को कमजोर करना लक्ष्य

**नई दिल्ली ।** अमेरिकी सेना ने यमन के हूती नियंत्रित इलाकों में 15 ठिकानों पर हमला किया। इसकी जानकारी अमेरिकी सेना ने ही दी है। लाल सागर और अदन की खाड़ी में हूती विद्रोही लगातार अमेरिका और ब्रिटेश के व्यापारिक जहाजों पर हमले कर रहा है। इसे रोकने के लिए अमेरिकी सेना ने बार बार हमले किए। ईरान समर्थित विद्रोहियों के चार प्रांतों पर भी हमला किया गया।

अमेरिकी सेना के सैन्य कमान ने सोशल मीडिया पर कहा, यूएस सेंट्रल कमांड बलों ने आज यमन के ईरानी समर्थित हूती-नियंत्रित क्षेत्रों में 15 ठिकानों पर हमले किए। इन हमलों का लक्ष्य हूती की आक्रमक क्षमताओं को कमजोर करना था। ये हमले अमेरिकी गठबंधन और व्यापारी जहाजों के लिए लाल सागर को अधिक सुरक्षित बनाने



के लिए किए गए थे।

### अमेरिका-ब्रिटेन ने यमन पर किया हमला

स्थानीय मीडिया के अनुसार, अमेरिका और ब्रिटेन दोनों ने शुक्रवार को यमन पर हमला किया था। इससे पहले सना पर चार और होदीदा पर सात हमले की सूचना दी गई थी। धमार, सना के दक्षिण में, मुकायरास और सना के दक्षिण-पूर्व में एक-एक हमले किए गए। पिछले साल इस्राइल-हमास संघर्ष के बीच गाजा का समर्थन करते हुए नवंबर से ही हूती लाल सागर में व्यापारिक जहाजों पर हमले कर रहा है। हूती विद्रोहियों के खिलाफ इस्राइल ने भी यमन पर हमले किए। पिछले महीने इस्राइल ने होदीदा पर हमले किए, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई थी।

अमेरिका ने हमला तब किया जब एक दिन पहले हूती विद्रोहियों ने कहा था कि वह तेल अवीव पर हमला करेगा। इस्राइली सेना ने बताया कि उन्होंने सेंट्रल इस्राइल के पास रात भर में एक संदिग्ध हवाई लक्ष्य को रोका। हालांकि, उन्होंने इसकी ज्यादा जानकारी नहीं दी। बुधवार को हूती ने कहा था ।

# हिजबुल्ला के गढ़ में इस्राइली हमले जारी, लाखों लोग हुए विस्थापित, 8 पाइंट्स में लड़ाई के ताजा अपडेट्स

**बेरूत ।** इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच लड़ाई जारी है। इस्राइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत में हिजबुल्ला के गढ़ में फिर से बमबारी की है। इस्राइल ने बेरूत के दक्षिणी उपनगर में लोगों को घर खाली करने की चेतावनी दी और फिर बमबारी की। आइए जानते हैं इस युद्ध से जुड़े 10 ताजा नए अपडेट्स-

1. इस्राइल ने बीती रात बेरूत के एयरपोर्ट के नजदीक हमले किए। इससे पहले इस्राइली सेना ने लोगों को घर खाली करने की चेतावनी जारी की थी।

2. लेबनान की सीमा में छापेमारी कर रही इस्राइल की सेना की हिजबुल्ला के लड़ाकों के साथ लड़ाई जारी है। लेबनान के सीमावर्ती इलाकों में यह लड़ाई चल रही है।



3. इस्राइली हमले के चलते लेबनान के तीन अस्पतालों को भारी नुकसान पहुंचा है, जिसके बाद इन अस्पातालों में मरीजों का इलाज नहीं हो पा रहा है। लेबनान के प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि बचावकर्मियों को हमले की जगहों पर जाने की इजाजत मिलनी चाहिए ताकि घायलों की मदद हो सके।

4. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, लेबनान से भागकर तीन लाख लोग सीरिया पहुंच गए हैं। लेबनान सरकार का कहना है कि अब तक 12 लाख लोग लेबनान छोड़ चुके हैं।

5. ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खोमैनी ने शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद दिए संबोधन में कहा कि उसके सहयोगी इस्राइली हमलों के बाद भी नहीं झुकेंगे और अपने देशों को इस्राइली हमलों से बचाएंगे। खोमैनी ने अपने संबोधन में अरब देशों को इस्राइल के खिलाफ एकजुट होने की अपील की।

6. इस्राइली सेना ने दावा किया है कि उन्होंने लेबनान में हिजबुल्ला के 2000 से ज्यादा ठिकानों को निशाना बनाया है और 250 हिजबुल्ला लड़ाकों को ढेर कर दिया है। इनमें दर्जन भर हिजबुल्ला के शीर्ष कमांडर शामिल हैं।

7. इस्राइली हमले में मारे गए हिजबुल्ला के पूर्व चीफ हसन नसरल्ला को शुक्रवार को एक गुप्त स्थान पर दफनाया गया। इस्राइली हमले के डर से नसरल्ला को गुप्त स्थान पर दफनाया गया है।


8. ईरान समर्थित लड़ाकू गुटों ने गुरुवार को इराक से इस्राइली सेना पर ड्रोन हमला किया। इस ड्रोन हमले में इस्राइल के दो सैनिक मारे गए। वहीं 24 अन्य घायल हुए हैं। आईडीएफ के अनुसार, दो ड्रोन्स थे, जिन पर विस्फोटक लदा था। एक ड्रोन को इस्राइली सैनिकों द्वारा तबाह कर दिया गया और दूसरा गोलन हाइट्स पर इस्राइली सेना के बेस के पास फटा, जिसकी चपेट में इस्राइली सैनिक आ गए।

## दक्षिण अफ्रीका के ऊर्जा और विद्युत मंत्री कोसिएंत्सो रामोकगोपा का बयान
# ब्रिक्स देशों के बीच ऊर्जा सुरक्षा में सहयोग करने की अपार संभावनाएं

**जॉहानेसबर्ग ।** दक्षिण अफ्रीका के ऊर्जा और विद्युत मंत्री कोसिएंत्सो रामोकगोपा ने इस सप्ताह की शुरूआत में आयोजित हुई ब्रिक्स देशों की ऊर्जा मंत्रीस्तरीय बैठक में कहा कि ब्रिक्स देशों में ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। यह बैठक रूस की राजधानी मॉस्को में आयोजित हुई।

**ऊर्जा बदलावों और विकास लक्ष्यों को संतुलित करने में आ रही चुनौती :** रामोकगोपा ने कहा, 'हमारा मानना है कि समान विचारधारा वाले देशों के इस ब्रिक्स समूह में ऊर्जा सहयोग को लेकर अपार संभावनाएं हैं।

साथ ही हम साथ मिलकर एकीकृत ऊर्जा नीति ढांचे की कमियों को भी दूर कर सकते हैं, जिसकी दक्षिण अफ्रीका में हुए ब्रिक्स सम्मेलन



2023 के दौरान पहचान की गई थी।' मंत्री ने कहा कि यह बैठक महत्वपूर्ण समय में हुई हैं क्योंकि हमारे देशों को विकास लक्ष्यों और ऊर्जा में बदलाव के बीच संतुलन स्थापित करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। रामोकगोपा ने कहा, 'हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि ये परिवर्तन हमारी ऊर्जा सुरक्षा और संप्रभुता को भी सुरक्षित रखें साथ ही सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा दें और सार्वभौमिक पहुंच को भी सुगम बनाएं ।

पर्यावरण का भी ख्याल रखें। यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पीछे न छूटे। जनवरी में ब्रिक्स समूह में इसके मूल सदस्यों ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के अलावा मिस्त्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात को भी नए सदस्यों के रूप में शामिल किया गया था।

### दुनिया के सबसे प्रभावी संगठनों में से एक है ब्रिक्स

रामोकगोपा ने कहा कि इस वर्ष जी-20 की मेजबानी ब्राजील कर रहा है और 2025 में दक्षिण अफ्रीका करेगा। इन मंचों का उपयोग विकासशील देशों के रूप में हमारे साझा दृष्टिकोण को प्रचारित करने के लिए किया जाना चाहिए। ब्रिक्स का 15वां शिखर सम्मेलन इस साल जनवरी में रूस में हुआ था। ब्रिक्स संगठन की अहमियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि ब्रिक्स देशों की अर्थव्यवस्थाएं दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक हैं।

# कट्टरपंथी इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक पर कार्रवाई, भारत में बंद किया गया 'एक्स' अकाउंट

**नईदिल्ली ।** कट्टरपंथी इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अकाउंट बंद कर दिया गया है। 'एक्स' पर जाकिर का अकाउंट भारत में बंद किया गया है। यह कार्रवाई शुक्रवार को की गई। दरअसल, जाकिर नाइक भारत में कई मामलों में वांछित है। उस पर मनी लॉन्ड्रिंग के भी आरोप हैं। भारत में वांछित भगोड़ा जाकिर नाइक इस समय पाकिस्तान दौरे पर है। इससे पहले भारत के विदेश मंत्रालय के इस दौरान की निंदा की थी। इसके कुछ घंटे बाद ही उसके 'एक्स' पर कार्रवाई की गई है।

### भारत ने पाकिस्तान में स्वागत की निंदा की थी

इससे पहले जाकिर नाइक का पाकिस्तान में जिस तरह स्वागत किया गया, भारत ने उसे निंदनीय करार दिया था। हालांकि, भारत ने शुक्रवार को यह भी कहा था कि इसमें कोई चौंकने वाली बात नहीं है। यह हमारे लिए बिल्कुल भी आश्चर्यजनक बात नहीं है। मलेशिया में रहने वाले नाइक ने मंगलवार को पाकिस्तान की करीब एक महीने की यात्रा शुरू की थी। उसने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज



शरीफ से मुलाकात भी की थी।

### विदेश मंत्रालय ने कही यह बात

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'हमने रिपोर्ट देखी हैं कि उसे पाकिस्तान में सम्मानित किया गया है। वहां उसका गर्मजोशी से स्वागत किया गया है।

हमारे लिए यह आश्चर्यजनक बात नहीं है कि एक भारतीय भगोड़े का पाकिस्तान में उच्च स्तरीय स्वागत किया गया है। यह निराशाजनक और निंदनीय है, लेकिन साथ ही यह आश्चर्यजनक भी नहीं है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि नाइक किस पासपोर्ट से पाकिस्तान गया था।

### 2016 में भारत से चला गया था नाइक

नाइक कथित धन शोधन और नफरत भरे भाषणों के माध्यम से उग्रवाद को भड़काने के लिए भारत में वांछित है। वह 2016 में भारत से चला गया था। मलेशिया में महाथिर मोहम्मद के नेतृत्व वाली पिछली सरकार ने इस्लामी उपदेशक को अपने देश में स्थायी निवास की अनुमति दी थी। जायसवाल ने कहा कि मलेशियाई सरकार के समक्ष भारत का प्रत्यर्पण अनुरोध लंबित है। माना जाता है कि भारत ने अगस्त में मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम की नई दिल्ली यात्रा के दौरान इस मुद्दे को उठाया था।कट्टरपंथी इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक पर कार्रवाई, भारत में बंद किया गया 'एक्स' अकाउंट

कट्टरपंथी इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अकाउंट बंद कर दिया गया है। 'एक्स' पर जाकिर का अकाउंट भारत में बंद किया गया है। यह कार्रवाई शुक्रवार को की गई।



# सुल्लामल रामलीला में राज्याभिषेक घोषणा से राम वनगमन तक की लीला का हुआ मंचन





**● भगवान राम को अयोध्या का राजा बनाए जाने पर पूरी नगरी में खुशी का माहौल था और सभी नर-नारी प्रसन्न थे।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला मैदान में शनिवार को श्री राम के राज्याभिषेक की धोषणा, दशरथ कैकयी संवाद से राम को वनवास तक की लीला का मंचन किया गया। इसमें राजा दशरथ ने गुरु वशिष्ठ को बुलाकर राम को अयोध्या राज्य का उतराधिकारी बनाने के बारे में चर्चा की और कहा कि राम को अयोध्या का राज सौंप दिया जाना चाहिए।

गुरु वशिष्ठ ने राजा दशरथ से कहा कि आपका विचार उत्तम और राम को राज सौंपने का सही समय भी है। गुरु वशिष्ठ से आज्ञा लेने के बाद दशरथ ने मुनादी करवा राम के राज तिलक की तैयारी शुरू कर दी। भगवान राम को अयोध्या का राजा बनाए जाने पर पूरी नगरी में खुशी का माहौल था और सभी नर-नारी प्रसन्न थे। जैसे ही यह बात मंथरा के कान में पड़ती है तो उसे बड़ा दुख होता है और वह क्रोधित होकर कैकेई के पास पहुंचती है।



मंथरा कैकेई के पास जाकर उसके कान भरती है लेकिन पहले तो वह नहीं मानती फिर बाद में योगमाया कैकेई की बुद्धि फेर देती और वह कोपभवन में जाकर बैठ जाती है। राजा दशरथ को जब कैकेई के कोप भवन में जाने का समाचार मिलता है तो वे उसके पास मिलने जाते हैं और कैकेई को बहुत समझाते हैं पर वह नहीं मानती। कैकेई राजा दशरथ से दो वर मांग लेती है जिसमें पहले में भरत को राज तिलक व दूसरे में तपस्वी वेष रख कर राम को चौदह वर्ष का वनवास। राम की सौगंध से मजबूर राजा दशरथ रानी कैकेई के दोनों वरदानों को सुन कर बेसुध होकर गिर जाते हैं और श्री राम के वनवास तक की लीला के बाद आज की लीला को विराम दे दिया जाता है।

लीला स्थल पर प्रमुख रूप से अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वीरो, उस्ताद अशोक गोयल, ज्ञान प्रकाश गोयल, दिनेश शर्मा बब्बे, सुनील कुमार शीलो, श्रवण गर्ग, जयवीर शर्मा, प्रदीप मित्तल, संजीव, अनिल अरोड़ा, राधवेंद्र शर्मा, अनिल गर्ग शीरे वाले, अतुल गुप्ता व पार्षद नीरज गोयल आदि उपस्थित रहे।

# कविनगर रामलीला महोत्सव में रोजाना हो रहा है सम्पूर्ण रामायण का मंचन, मेले में उमड़ी भीड़







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री धार्मिक रामलीला समिति (पंजी०) कविनगर द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव के अंतर्गत इंडियन रिवाईवल ग्रुप, नई दिल्ली द्वारा अति सुन्दर एवं भव्य 'सम्पूर्ण रामायण' का मंचन कविनगर, रामलीला मैदान में आयोजित किया गया। रामलीला महोत्सव के अन्तर्गत आज चौथे दिन सम्पूर्ण रामायण का मंचन देखने के लिए बड़ी संख्या में रामभक्तों की भीड़ उमड़ी। बैठने के लिए यथोचित स्थान शेष न होने के कारण प्रवेश रोकना पड़ा। समिति द्वारा अगले दिन मंचन देखने के लिए बैठने की अतिरिक्त व्यवस्था की जायेगी।

इस आकर्षक रामलीला का आयोजन प्रतिदिन सायं 7.30 बजे से प्रारम्भ होता है जिसका समापन रात्रि 11.00 बजे होता है। 'सम्पूर्ण रामायण' को देखने के लिए प्रतिदिन सायं 5.00 से 7.00 बजे तक निःशुल्क पास का वितरण किया जाता है।

लीला के मंचन में राजा जनक द्वारा आयोजित सीता स्वयंवर में श्री राम द्वारा धनुष तोड़ने के मनोरम मंचन को देखकर वहां उपस्थित सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। रामलीला मंचन के स्थल पर लगायी गयी रामायण प्रदर्शनी सभी भक्तों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है।

इस अवसर पर अध्यक्ष ललित जायसवाल, महामंत्री भूपेन्द्र चोपड़ा, मंत्री गुलशन बजाज, अजय जैन, सुशांत चोपड़ा, संजय मित्तल, ऋषि माकड़, विवेक मित्तल, तरुण चौटानी, दिवाकर सिंघल, डी०पी० कौशिक, नवेन्दु सक्सेना, अजय अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में विजयनगर मंडल का बूथ सम्मेलन संपन्न

## सम्मेलन को मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा ने संबोधित किया





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मंडल प्रवासी महामंत्री राजेश त्यागी के निर्देशन में और मंडल अध्यक्ष देवेंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में सभी सेक्टर संयोजक, सेक्टर प्रभारी, प्रवासी बूथ अध्यक्ष और बूथ प्रवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सम्मेलन को संबोधित करते हुए क्षेत्र के महामंत्री हरिओम शर्मा ने कहा कि उपचुनाव में यदि हम सब अपने बूथ पर डोर टू डोर संपर्क करेंगे तो बहुत भारी मतों से बूथ जीतेगा और यदि बूथ जीता तो चुनाव जीता।

सभी लोगों से संपर्क और पन्ना प्रमुख के साथ मिलकर मोदी-योगी की सभी योजनाओं को घर-घर पहुंचाना है।

सभी बूथ अध्यक्षों ने इस बार संकल्प लिया गाजियाबाद विधानसभा अधिक से अधिक मतों से जिताएंगे। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री रोहित शर्मा ने किया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री अनिल स्वामी, पार्षद देवनारायण शर्मा, घनश्याम कोरी, कन्हैयालाल, पवन शर्मा, रामबाबू शर्मा, योगेश कश्यप, मदन लाल तोमर आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# अधिकारी के सामने व्यापारी ने उतारे कपड़े, सेल टैक्स चेक पोस्ट पर गाड़ी जब्ती के बाद पहुंचा था पीड़ित

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में सेल टैक्स चेक पोस्ट मोहन नगर के दफ्तर में एक व्यापारी ने उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए सेल टैक्स ऑफिसर के सामने अपने कपड़े उतार दिए। दफ्तर में बैठ गया। हालांकि इस मामले में अभी तक किसी पक्ष ने पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी है।

गाजियाबाद में एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें एक शख्स अपने कपड़े उतार रहा है। साथ ही उत्पीड़न का आरोप लगा रहा है। व्यापारी का नाम अक्षय जैन है। पूरे वीडियो से यह समझ में आ रहा है कि अक्षय जैन का आरोप है कि उसे परेशान किया जा रहा है। अक्षय जैन इतना परेशान हो गया कि उसने अपने



कपड़े उतार दिए।

अक्षय जैन वीडियो में बोलता दिखाई दे रहा है कि अधिकारी कह रहे हैं कि उन्हें 85 लाख का टारगेट दिया गया है। तो क्या सारा टारगेट मुझसे ही पूरा किया जाएगा।

जानकारी मिली है कि मेरठ से आ रही अक्षय जैन की गाड़ी को पकड़कर चेक पोस्ट में बंद किया गया था। उस पर टैक्स चोरी का आरोप था। वहीं अक्षय जैन का कहना था कि मैंने टैक्स की चोरी नहीं की है।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में फॉरेंसिक वर्कशॉप का हुआ आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुंदर दीप कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल के तत्वावधान में Behind the Yellow Tape: "Uncovering the Secrets of Forensic Science" शीर्षक के अंतर्गत एक फॉरेंसिक वर्कशाप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर (आई/सी) प्रो. (डॉ.) प्रसेंनजीत कुमार, रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन एवं डिप्टी रजिस्ट्रार अवधेश प्रताप सिंह ने मां सरस्वती के पारंपरिक आशीर्वाद और दीप प्रज्वलन के साथ किया।

सुंदर दीप कॉलेज ऑफ लॉ की प्राचार्या डॉ. उर्मिला जाटव ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। विधि के छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए वाइस चांसलर (आई/सी) प्रो. (डॉ.) प्रसेंनजीत कुमार ने आपराधिक एवं दीवानी कार्यवाहियों मे फॉरेंसिक साइंस के साक्ष्यात्मक महत्व के बारे मे बताया। फॉरेंसिक वर्कशाप मे टीम एसोसिएट आकांक्षा कुमारी ने विश्व एवं भारत मे फॉरेंसिक विज्ञान कि शुरुआत से लेकर वर्तमान आयामों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

**फॉरेंसिक वर्कशाप मे टीम एसोसिएट आकांक्षा कुमारी ने विश्व एवं भारत मे फॉरेंसिक विज्ञान कि शुरुआत से लेकर वर्तमान आयामों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।**

फॉरेंसिक टीम के सदस्य तबिश सरोष, रविन्द्र पाल वर्मा ने नकली क्राइम सीन बनाकर पुलिस द्वारा क्राइम सीन पर पहुंच कर फोटोग्राफी, मुआयना व साक्ष्य एकत्र कर उनकी नंबरिंग एवं उनके साक्ष्यिक महत्व के बारे में छात्र/छात्राओं को व्यावहारिक जानकारी दी। टीम ने फिंगर प्रिंटिंग, ब्लड सैंप्लिंग, सीक्रेट राइटिंग आदि के बारे में छात्र/छात्राओं को समझाया।

कार्यक्रम का संचालन समीर खान, रिया सिंघल (विधि विद्यार्थी) ने किया। इस अवसर पर छात्र/छात्राओं के साथ सुंदर दीप कॉलेज ऑफ लॉ के सहायक प्रोफेसर शिप्रा, मोहम्मद इमरान, आकाश सैनी, वर्तिका तिक्कू, सागर सक्सेना उपस्थित रहे।

# पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने देविका टॉवर में किया लिफ्ट का उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 97 के देविका टॉवर में लिफ्ट का शुभारंभ फीता काटकर पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने किया। इस मौके पर चंद्रनगर स्थित देविका टावर में स्थानीय लोगों ने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया, लोगों ने कहा कि सड़क, अतिक्रमण, जलभराव तथा पानी संबंधित समस्याएं रखीं। पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने देविका टावर ऑफिस वेलफेयर एसोसिएशन के लोगों की समस्या सुनी और कहा कि एक माह के अंदर क्षेत्र की समस्याओं को दूर किया जाएगा।

वार्ड में और भी विकास के कार्य चल रहे हैं, उनके पूरा होते ही इधर का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस मौके पर पार्षद द्वारा देविका टावर में लगी नई लिफ्ट का उद्घाटन किया गया।



कार्यक्रम में भजपा नेता आदित्य ढाका, देविका टावर ऑफिस वेलफेयर एसोसिएशन के तरफ से अध्यक्ष अनिल ने दोनों अतिथियों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस अवसर पर मृदुल जैन, धीरज कुमार, दीपक गुप्ता, गुलशन बुद्धिराजा, इशू चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे। एसोसिएशन के लोगों ने कहा कि ऊपर की मंजिल पर आने-जाने में वरिष्ठ नागरिकों को भी सहूलियत हो सके।

# आईएमएस गाजियाबाद ने 35 वें स्थापना दिवस पर किया यूनिवर्सिटी टॉपर्स का सम्मान







## संस्थान के 14 छात्र-छात्राओं ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर यूनिवर्सिटी किया टॉप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में संस्थान के 35वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह (पूर्व मेंबर ऑफ पार्लियामेंट), आईएमएस गाजियाबाद ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन के जनरल सेक्रेटरी सीए, (डॉ.) राकेश छारिया एवं संस्थान के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह द्वारा सभी शिक्षकगण एवं स्टाफ की उपस्थिति में मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा यूनिवर्सिटी टॉपर्स एवं कैंपस टॉपर्स छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

ज्ञात हो कि इस वर्ष संस्थान के लगभग सभी कोर्स से 14 छात्र-छात्राओं ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर यूनिवर्सिटी टॉप किया, जिसमें से 5 ने स्वर्ण पदक, 4 ने रजत पदक एवं 5 ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके अलावा संस्थान के सभी कोर्स के कैंपस टॉपर्स 59 छात्र-छात्राओं को भी संस्थान द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें से 19 को स्वर्ण पदक, 19 को रजत पदक एवं 21 को कांस्य पदक प्रदान किया गया। पदक के साथ-साथ इन सभी छात्र-छात्राओं को नगद पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए सदैव अपने काम को प्राथमिकता दो और हमेशा उत्साही रहो। निदेशक द्वारा उपस्थित जनो को बधाई देते हुए सम्बोधित किया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षकगण एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन डॉ. पूजा रस्तोगी द्वारा उपस्थित जनों का धन्यवाद कर किया गया।

# मकनपुर तालाब में कूड़ा डालने से लोग हुए परेशान

## पार्षद राधेश्याम त्यागी बोले, तीन महीनों से नहीं उठ रहा कूड़ा





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मकनपुर तालाब की खूबसूरती बढ़ाने के लिए किनारे लाल पत्थर लगाए गए थे, जो अब उखड़ चुके हैं। पानी भरने के लिए एक मोटर लगाया गया था, जो अब बंद ही रहता है। वार्ड 57 के पार्षद राधेश्याम त्यागी ने मकनपुर तालाब को कूड़ा घर बनाये जाने की जानकारी शनिवार को मुख्यमंत्री को एक्स पर टैग कर दी। कहा कि तालाब में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, इसकी बदबू आसपास रहने वालों को ही परेशान और बीमार करेगी। उन्होंने कहा घर-घर से कूड़ा उठाने वाली कंपनी नेचर ग्रीन की गाड़ी ने तालाब को कूड़ा घर बना दिया है। कूड़ा 3 महीने से नहीं उठ रहा है। इसकी शिकायत कई बार नगर निगम के अधिकारियों से की गई है लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। नगर निगम के अधिकारी बोलते हैं कि नेचर ग्रीन ही कूड़ा उठाती है। नेचर ग्रीन के अधिकारी कहते हैं, यह नगर निगम के क्षेत्र में आता है। पार्षद राधेश्याम त्यागी ने कहा इस समस्या को लेकर कहां जाएं। अधिकारी कोई सुनता नहीं, अब तो यह हाल हो गया है कि लोगों के घरों तक बदबू जा रही है। जिससे परेशान होकर गांव के लोग इकट्ठा होगा नगर निगम जाएंगे और इस समस्या का हल निकालने का प्रयास करेंगे।

# प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर पर धार्मिक रामलीला का मंचन प्रभु श्रीराम और माता सीता का स्वयंवर रचाया गया





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला समिति वसुंधरा द्वारा चल रही रामलीला में आज का छठवें दिन का मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। जिसमें गुरु विश्वामित्र प्रभु श्री राम और लक्ष्मण को साथ लेकर महाराजा जनक के यहां पहुंचे, वहां जाकर धनुष यज्ञ में हिस्सा लिया। धनुष यज्ञ में दूरदराज से देश-विदेश से अनेकों राजा आए पर प्रत्यंचा चढ़ाना तो दूर कोई उस धनुष को हिला भी नहीं सका। अंत में गुरु विश्वामित्र के कहने पर प्रभु श्रीराम ने धनुष को प्रणाम करते हुए धनुष को उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाई और धनुष तोड़ दिया। फिर सीता ने प्रभु के गले में वरमाला डाल दी और भगवान राम ने भी सीता माता के गले में वरमाला डाल दी। धनुष टूटने पर भगवान परशुराम राजा जनक के यहां आए और गुस्से में पूछा कि किसने मेरे गुरु भगवान शंकर के धनुष को तोड़ा उसको मेरे सामने लाया जाए। मैं आज ही उसको मृत्यु लोक में पहुंचा देता हूं। यह सुन भगवान राम ने उनके चरण छुए और हाथ जोड़कर कहा यह अपराध मुझसे हुआ है। आप मुझे क्षमा कीजिए। भगवान परशुराम ने उनकी विनम्रता को देखकर उनका क्षमा कर दिया। इस अद्भुत दृश्य को देखकर पूरे नगर में खुशी के लहर दौड़ गई। इस अवसर पर चेयरमैन पं. नरेंद्र भारद्वाज, महेश भारद्वाज, सुशील उपाध्याय, सुरेंद्र भारद्वाज, मनोज भारद्वाज, इंद्रपाल प्रधान, नितिन यादव, एम बी कौशिक, गिरीश शर्मा, अमित किशोर, संध्या शर्मा, सविता त्रिपाठी, मास्टर जय कुमार, विजयलक्ष्मी, अमित भारद्वाज, अश्वनी कौशिक, अमित शर्मा बंटी, सुमित भारद्वाज, राहुल राणा, मोहन सिंह राणा, प्रिंस भारद्वाज, सुरेंद्र शर्मा, सोनू कल्याणी, विनोद एमजी, शैलेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा, जोरराखंड यादव, जनाब सिराजुद्दीन, रहीसुद्दीन, मोनू पंडित, वासुदेव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अजय गुप्ता और रमा गुप्ता के लिए अयांश का बर्थडे सबसे खास है। शिल्पी गुप्ता और आयुष गुप्ता के लिए ये खुशी का पल है और गुप्ता परिवार आज अयांश के हैप्पी बर्थडे पर आपके आगमन की प्रतीक्षा में हैं। जन्मदिन की इस पोस्ट से सभी के प्यार और आशीर्वाद की अभिलाषा है।